प्रबन्ध-सम्पादक :
श्रीचन्द रामपुरिया, बी० कॉम०, बी० एल०

संकलक :
आदर्श साहित्य संघ
चूरू ( राजस्थान )

आर्थिक-सहायक :
श्री रामलाल हंसराज गोलछा
विराटनगर ( नेपाल )

दिसम्बर, १९६७
प्रति-संख्या
१०००

पृष्ठांक :
६३२

मुद्रक :
न्यू रोशन प्रिण्टिंग वर्क्स
३१/१, लोअर चितपुर रोड
कलकत्ता-१

मूल्य : रु० १३)

# AYARO
Taha
# AYAR-CULA

[ THE ACARANGA AND THE ACARANGA-CULA ]

Vacana Pramukha
**ACARYA TULASI**

*Edited with*
Original text, Variant readings, Alphabetical index of words, Appendices, etc.

*Editor*
**Muni Nathmal**
( Nikaya Saciva )

*Publisher*
**Jain Swetambar Terapanthi Mahasabha**
(Agam-Sahitya Prakashan Samiti)
3, Portuguese Church Street
CALCUTTA-1 (INDIA)

**First Edition 1967 ]** **[ Price : Rs. 13**

*Managing Editor :*
**Shreechand Rampuria, B. Com , B. L.**

*Manuscript Compiled by*
**Adarsha Sahitya Sangh**
Churu (Rajasthan)

*Financial Assistance :*
**Ramlal Hansraj Golchha**
Biratnagar (Nepal)

*Copies :*
*1000*

*Pages .*
*632*

*Printer :*
New Roshan Printing Works
31/1, Lower chitpur Road.
Calcutta-1

# समर्पण

पवाहिया जेण सुयस्स धारा,
गणे समत्थे मम माणसे वि ।
जो हेउभूओ स्स पवायणस्स,
कालुस्स तस्स प्पणिहाण पुव्वं ॥

जिसने श्रुत की धार बहाई,
सकल संघ में मेरे मन मे ।
हेतुभूत श्रुत-सम्पादन मे,
कालुगणी को विमल भाव से ॥

विनयावनतः
आचार्य तुलसी

# अन्तस्तोष

अन्तस्तोष अनिर्वचनीय होता है, उस माली का जो अपने हाथो से उप्त और सिंचित द्रुम-निकुञ्ज को पल्लवित, पुष्पित और फलित हुआ देखता है और उस कल्पनाकार का जो अपनी कल्पना को अपने प्रयत्नो से प्राणवान् बना देखता है। चिरकाल से मेरा मन इस कल्पना से भरा था कि जैन-आगमो का शोधपूर्ण सम्पादन हो और मेरे जीवन के वहुश्रमी क्षण उसमें लगें। संकल्प फलवान् बना और वैसा ही हुआ। मुझे केन्द्र मान मेरा धर्म-परिवार उस कार्य में संलग्न हो गया। अतः मेरे इस अन्तस्तोष में मै उन सबको समभागी बनाना चाहता हूँ, जो इस प्रवृत्ति में सविभागी रहे है। संक्षेप में वह संविभाग इस प्रकार है :—

| | | |
|---|---|---|
| सम्पादक | | : मुनि नथमल (निकाय-सचिव) |
| | सहयोगी | : मुनि दुलहराज |
| पाठ-सशोधन | " | : मुनि सुदर्शन |
| | " | : मुनि मधुकर |
| | " | : मुनि हीरालाल |
| शब्द-सूची | " | : मुनि श्रीचन्द्र |
| | " | · मुनि हनुमानमल (सरदारशहर) |

सविभाग हमारा धर्म है। जिन-जिन ने इस गुरुतर प्रवृत्ति में उन्मुक्त भाव से अपना सविभाग समर्पित किया है, उन सबको मै आशीर्वाद देता हूँ और कामना करता हूँ कि उनका भविष्य इस महान् कार्य का भविष्य बने।

—आचार्य तुलसी

# ग्रन्थानुक्रम

# प्रकाशकीय

आगम-सुत्त ग्रन्थमाला का यह द्वितीय ग्रन्थ पाठको के सम्मुख रखते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है। इस ग्रन्थमाला का प्रथम ग्रन्थ 'दसवेआलियं तह उत्तरज्भयणाणि' प्रकाशित हो चुका है, जिसमें दशवैकालिक और उत्तराध्ययन—ये दोनो आगम एक साथ है।

प्रस्तुत ग्रन्थ में प्रथम अङ्ग आचारांग के दो श्रुतस्कंध क्रमश 'आयारो' और 'आयार-चूला' के नाम से प्रकाशित हो रहे है।

पाठ सशोधन और निर्धारण मे जो परिश्रम किया गया है, वह ग्रन्थ के प्रत्येक पृष्ठ से सहज ही समझा जा सकता है। 'जाव' और अन्य पूर्त्य स्थलों की बड़ी खोज के साथ पूर्ति कर दी गई है। इस तरह मूल-पाठ पाठको के लिए सरल, सुवाच्य और बोधगम्य बन गया है। 'जाव' और संक्षिप्त पाठ-पूर्ति का कार्य अद्यावधि प्रकाशित संस्करणो मे उपेक्षित रहा और वह अति कठिन कार्य इस प्रकाशन में अत्यन्त अन्वीक्षा और अनुसधान पूर्वक सम्पन्न हुआ है।

पाद-टिप्पणियों में पाठान्तरो का बोध करा दिया गया है। अन्त मे तीन परिशिष्ट और 'आयारो' तथा 'आयार-चूला' दोनो की सम्पूर्ण शब्द-सूची दे दी गई है, जो अन्वेषक विद्वानो के लिए अनेक दृष्टियो से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। शब्द-सूची आज तक के प्रकाशित किसी संस्करण मे नही है और इसी प्रकाशन में सर्व प्रथम उपलब्ध होती है।

आरम्भ मे सम्पादकीय के बाद आचार्य श्री तुलसी द्वारा लिखित पाण्डित्यपूर्ण भूमिका है, जो अनेक विषयों पर नया प्रकाश डालती है। भूमिका की विषय-सूची से उसमें चर्चित विशेष पहलुओं का आभास पाठको को हो सकेगा।

इस तरह दो श्रुतस्कन्ध व्याप्त सारा आचारांग आधुनिकतम प्रणाली से सम्पादित हो कर अभिनव रूप में सामने आया है।

आगम-सुत्त ग्रन्थमाला का मूल उद्देश्य है विद्वानों के सम्मुख जैन-आगमो के सुन्दर और प्रामाणिक संस्करण उपस्थित करना, जिससे भावी शोध-खोज का मार्ग प्रशस्त हो। इसी दृष्टि से उक्त ग्रन्थमाला का यह द्वितीय ग्रन्थ अवश्य ही विद्वानो का आदर प्राप्त करेगा।

इस ग्रन्थ के सम्पादन में जिन-जिन विद्वानो एवं प्रकाशन संस्थाओं के ग्रन्थ तथा प्रकाशनो का उपयोग हुआ है, उन सबके प्रति हम हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापन करते है।

## पाण्डुलिपि की प्रतिलिपि

आचार्य श्री के तत्त्वावधान में सन्तो द्वारा प्रस्तुत पाण्डुलिपि को नियमानुसार अवधार कर उसकी प्रतिलिपि करने का कार्य आदर्श साहित्य संघ, चुरू द्वारा सम्पन्न हुआ है, जिसके लिए हम संघ के संचालको के प्रति कृतज्ञ है।

## अर्थ-व्यवस्था

इस ग्रन्थ के प्रकाशन का व्यय विराटनगर (नेपाल) निवासी श्री रामलालजी हंसराजजी गोलछा द्वारा श्री हंसराजजी हुलासचन्दजी गोलछा की स्वर्गीया माता श्री धापीदेवी (धर्म-पत्नी श्री रामलालजी गोलछा) की स्मृति में प्रदत्त निधि से हुआ है। एतदर्थ इस अनुकरणीय अनुदान के लिए गोलछा-परिवार हार्दिक धन्यवाद का पात्र है।

आगम-साहित्य प्रकाशन समिति की ओर से उक्त निधि से होने वाले प्रकाशन कार्य की देख-रेख के लिए निम्न सज्जनो की एक उपसमिति गठित की गई है :

(१) श्रीमान् हुलासचन्दजी गोलछा
(२) " मोहनलालजी बाँठिया
(३) " श्रीचन्दजी रामपुरिया
(४) " गोपीचन्दजी चोपड़ा
(५) " केवलचन्दजी नाहटा

सर्व श्री श्रीचन्द रामपुरिया एवं केवलचन्दजी नाहटा उक्त उपसमिति के संयोजक चुने गये है।

## आगम-साहित्य प्रकाशन-कार्य

महासभा के अन्तर्गत गठित आगम-साहित्य प्रकाशन समिति का प्रकाशन-कार्य ज्यों-ज्यों आगे बढ रहा है, त्यो-त्यों हृदय मे आनन्द का पारावार नही। मैं तो अपने जीवन की एक साध ही पूरी होते देख रहा हूँ। इस अवसर पर मैं अपने अनन्य बन्धु और साथी सर्व श्री गोविन्दरामजी सरावगी, मोहनलालजी बॉठिया एवं खेमचन्दजी सेठिया को उनकी मुक्त सेवाओ के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूँ।

## आभार

आचार्य श्री की सुदीर्घ-दृष्टि अत्यन्त भेदिनी है। जहाँ एक ओर जन-मानस की आध्यात्मिक और नैतिक चेतना की जागृति के व्यापक नैतिक आन्दोलनो में उनके अमूल्य जीवन-क्षण लग रहे है, वहाँ दूसरी ओर आगम-साहित्य-गत जैन-संस्कृति के मूल-सन्देश को जन-व्यापी बनाने का उनका उपक्रम भी अनन्य और स्तुत्य है। जैन-आगमों को अभिलषित रूप मे भारतीय एवं विदेशी विद्वानो के सम्मुख ला देने की आकाक्षा मे वाचना प्रमुख के रूप मे जो अथक परिश्रम आचार्य श्री तुलसी ने अपने कन्धो पर लिया है उसके लिए जैनी ही नही अपितु सारी भारतीय जनता उनके प्रति कृतज्ञ रहेगी।

निकाय सचिव मुनि श्री नथमलजी का सम्पादन-कार्य एवं तेरापन्थ संघ के अन्य विद्वान् मुनिवृन्द के सक्रिय-सहयोग भी वस्तुत: अभिनन्दनीय है।

हम आचार्य श्री और उनके परिवार के प्रति इस जनहितकारी पवित्र प्रवृति के लिए नतमस्तक है।

जैन श्वेताम्बर तेरापन्थी महासभा
३, पोर्चुगीज चर्च स्ट्रीट, कलकत्ता-१
१ दिसम्बर, १९६७

श्रीचन्द रामपुरिया
संयोजक
आगम-साहित्य प्रकाशन समिति

# सम्पादकीय

## नाम-परिचय

प्रस्तुत ग्रन्थ आगम-ग्रन्थ-माला का द्वितीय ग्रन्थ है। इस माला के प्रथम ग्रन्थ में दो मूल सूत्र सम्पादित हुए थे। इसमे पहला अंग सम्पादित है। शताब्दियो पूर्व जो स्थान आचारांग का था, वह स्थान वर्तमान में मूलसूत्रों का है। इसलिए मूलसूत्र और आचारांग निकट सम्बन्धी है।

आचाराग के दो श्रुतस्कन्ध है। प्रथम श्रुतस्कन्ध मे मूल आचाराग और दूसरे श्रुतस्कन्ध में आचारांग की चार चूलिकाओं का समावेश है। प्रथम श्रुतस्कन्ध का नाम 'आयारो' और दूसरे श्रुतस्कन्ध का नाम 'आयार-चूला' है। इसीलिए प्रस्तुत ग्रन्थ का नाम 'आयारो तह आयार-चूला' रखा गया है।

## ग्रन्थ-बोध

प्रस्तुत ग्रन्थ में पाठान्तर सहित मूलपाठ है। प्रारम्भ में भूमिका और अंत में पाँच परिशिष्ट हैं—

(१) आयारो संक्षिप्त पूर्ति-स्थल और उसका निर्देश।
(२) आयार-चूला संक्षिप्त पूर्ति-स्थल और उसका निर्देश।
(३) आयारो शब्द-सूची।
(४) आयार-चूला शब्द-सूची और
(५) शुद्धि-पत्रम्।

## नामानुक्रम

आयार-चूला और निशीथ में प्रयुक्त विशेष नाम प्रायः सदृश हैं, इसलिए आयार-चूला के विशेष नामो का अनुक्रम निशीथ के नामानुक्रम के साथ ही किया जाएगा।

पाठ-सम्पादन में हमने अनेक संकेत-चिन्हो का प्रयोग किया है, उनका स्पष्टीकरण 'संकेत-निर्देशिका' में किया गया है।

## प्रस्तुत पाठ और पाठ-सम्पादन की पद्धति

आचाराग का जो पाठ हमने स्वीकार किया है, उसका आधार कोई एक आदर्श नही है। हमने पाठ का स्वीकार प्रयुक्त आदर्शों, चूर्णि और वृत्ति के संदर्भ में समीक्षा-पूर्वक किया है। 'आयारो' के प्रथम अध्ययन के दूसरे उद्देशक के तीन सूत्र (२७-२९)

शेष पाँच उद्देशको में भी प्राप्त होते है। पाठ-संशोधन में प्रयुक्त आदर्शों तथा आचारांग वृत्ति में यह प्राप्त नही है। आचारांग चूर्णि में 'लज्जमाणा पुढोपास' (आयारो, सूत्र १६, पृ० ४) सूत्र से लेकर 'अप्पेगे संपमारए, अप्पेगे उद्दवए' (आयारो, सूत्र २६, पृ० ६) तक ध्रुवकण्डिका (एक समान पाठ) मानी गई है।[१]

चूर्णि में प्राप्त संकेत के आधार पर हमने द्वितीय उद्देशक में प्राप्त तीन सूत्र (२७-२९) शेष पाँचो उद्देशको में स्वीकृत किए है।

आठवे अध्ययन के दूसरे उद्देशक (सू० २१) की चूर्णि[२] में 'कुंभारायतणंसि वा' के स्थान पर अनेक शब्द उपलब्ध होते हैं, जैसे—'उवट्टणगिहे वा, गामदेउलिए वा, कम्मगारसालाए वा, ततुवायगसालाए वा, लोहगारसालाए वा।' चूर्णिकार ने आगे लिखा है—'जच्चियाओ साला सव्वाओ भाणियव्वाओ।'[३]

यहाँ प्रतीत होता है कि 'कुभारायतणंसि वा' शब्द अन्य अनेक शाला या गृहवाची शब्दो से युक्त था, किन्तु लिपि-दोष के कारण कालक्रम से शेष शब्द छूट गए। चूर्णि के आधार पर पाठ-पद्धति का निश्चय करना संभव नहीं, इसलिए उसे मूलपाठ मे स्वीकृत नही किया गया।

हमने संक्षिप्त पाठ की पूर्ति भी की है। पाठ संक्षेप की परम्परा श्रुत को कंठाग्र करने की पद्धति और लिपि की सुविधा के कारण प्रचलित हुई। पं० बेचरदास दोशी ने ८-१२-६६ को आचार्यश्री तुलसी के पास एक लेख भेजा था। उसमें इस विषय पर प्रकाश डालते हुए उन्होने लिखा है—"प्राचीन जैन-श्रमण लिखने-लिखाने की प्रवृत्ति को आरंभ-रूप समझते थे, फिर भी शास्त्रों की रक्षा के लिए उन्होंने लिखने-लिखाने के आरम्भ-रूप मार्ग को भी अपवाद समझ कर स्वीकार किया। पर जितना कम लिखना पडे उतना अच्छा, ऐसा समझ कर उन्होंने शास्त्र की रक्षा के लिए ही, हो सके वहाँ तक कम आरंभ करना पडे, ऐसा रास्ता शोधने का जरूर प्रयास किया। इस रास्ते की शोध से 'वण्णओ' और 'जाव' दो नए शब्द उनको मिले। इन दो शब्दो की सहायता से हजारो श्लोक वा सैकड़ो वाक्य कम लिखने से उनका आरंभ कम हो गया और शास्त्र के आशय में भी किसी प्रकार की न्यूनता नही हुई।"

---

१. देखे—आयारो, पृ० ८ पादटिप्पण सख्याक २; पृ० ११ पादटिप्पण सख्याक २; पृ० १४ पादटिप्पण सख्याक १, पृ० १६ पादटिप्पण सख्याक ३, पृ० १९ पादटिप्पण सख्याक ४।

२. आचारांग चूर्णि, पृ० २६०-२६१।

३ वही, पृ० २६१।

श्रुत को कण्ठस्थ करने की पद्धति, लिपि की सुविधा और कम लिखने की मनोवृत्ति—पाठ-संक्षेप के ये तीनों कारण संभाव्य है। इनसे भले ही आशय की न्यूनता न हुई हो, किन्तु ग्रन्थ-सौन्दर्य अवश्य न्यून हुआ है। पाठक की कठिनाइयाँ भी बढ़ी है। जिन मुनियों के समग्र आगम-साहित्य कण्ठस्थ था, वे 'जाव' या 'वण्णग' द्वारा संकेतित पाठ का अनुसंधान कर पूर्वापर की सम्बन्ध-योजना कर सकते हैं। किन्तु प्रतिलिपियों के आधार पर पढ़ने वाला मुनि-वर्ग ऐसा नहीं कर सकता। उसके लिए 'जाव' या 'वण्णग' द्वारा संकेतित पाठ बहुत लाभदायी सिद्ध नही हुआ है। इसका हम प्रत्यक्ष अनुभव कर रहे है। इसी कठिनाई तथा ग्रन्थ-सौन्दर्य की दृष्टि से हमारे वाचना प्रमुख आचार्यश्री तुलसी ने चाहा की संक्षेपीकृत पाठ की पुनः पूर्ति की जाए। हमने अधिकाश स्थलो में संक्षिप्त पाठ की पूर्ति की है। उसकी सूचना के लिए बिन्दु-संकेत दिया गया है। आयारो तथा आयार-चूला के पूर्ति-स्थलो के निर्देश की सूचना प्रथम और द्वितीय परिशिष्ट में दी गई है।

पं० बेचरदास दोशी के अनुसार पाठ का संक्षेपीकरण देवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण ने किया था। उन्होंने लिखा है—"देवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण ने आगमो को ग्रन्थ-बद्ध करते समय कुछ महत्त्वपूर्ण बाते ध्यान मे रखी। जहाँ-जहाँ शास्त्रों मे समान पाठ आए वहाँ-वहाँ उनकी पुनरावृत्ति न करते हुए उनके लिए एक विशेष ग्रन्थ अथवा स्थान का निर्देश कर दिया। जैसे—'जहा उववाइए' 'जहा पण्णवणाए' इत्यादि। एक ही ग्रन्थ मे वही बात बार-बार आने पर उसे पुनः-पुनः न लिखते हुए 'जाव' शब्द का प्रयोग करते हुए उसका अन्तिम शब्द लिख दिया। जैसे—'णाग कुमारा जाव विहरंति', 'तेणं कालेणं जाव परिसा णिग्गया' इत्यादि।"[1]

इस परम्परा का प्रारम्भ भले ही देवर्द्धिगणि ने किया हो, किन्तु इसका विकास उनके उत्तरवर्ती-काल मे भी होता रहा है। वर्तमान मे उपलब्ध आदर्शों मे संक्षेपीकृत पाठ की एकरूपता नहीं है। एक आदर्श में कोई सूत्र संक्षिप्त है तो दूसरे मे वह समग्र रूप से लिखित है। टीकाकारो ने स्थान-स्थान पर इसका उल्लेख भी किया है। उदाहरण के लिए औपपातिक सूत्र में "अयपायाणि वा जाव अण्णयराइं वा" तथा 'अयबंधणाणि वा जाव अण्णयराइं वा'—ये दो पाठांश मिलते है। वृत्तिकार के सामने जो मुख्य आदर्श थे, उनमे ये दोनों संक्षिप्त रूप में थे, किन्तु दूसरे आदर्शों में ये समग्र रूप मे भी प्राप्त थे। वृत्तिकार ने इसका उल्लेख किया है।[2] लिपिकर्ता

१. जैन साहित्य का बृहद् इतिहास, पृ० ८१।

२. औपपातिक वृत्ति, पत्र १७७
पुस्तकान्तरे समग्रमिदं सूत्रद्वयमस्त्येवेति।

अनेक स्थलों में अपनी सुविधानुसार पूर्वागत पाठ को दूसरी बार नही लिखते और उत्तरवती आदर्शों में उनका अनुसरण होता चला जाता । उदाहरण स्वरूप—रायपसेणइय सूत्र में 'सव्विड्ढीय अकालपरिहीणा' (स्वीकृत पाठ—हीणं) ऐसा पाठ मिलता है।[1] इस पाठ मे अपूर्णता सूचक संकेत भी नही है। 'सव्विड्ढीए' और 'अकालपरिहीणं' के मध्यवर्ती पाठ की पूर्ति[2] करने पर समग्र पाठ इस प्रकार बनता है—'सव्विड्ढीए सव्वजुत्तीए सव्वबलेणं सव्वसमुदएणं सव्वादरेणं सव्वविभूसाए सव्व-विभूइए सव्वसंभमेणं सव्वपुप्फ-वत्थ-गंध-मल्लालंकरेणं सव्वदिव्वतुडियसद्दसन्निनाएणं महया इड्ढीए महया जुइए महया बलेणं महया समुदएणं महया वरतुडियजमगसमय-पडुप्पवाइयरवेणं संख-पणव-पडह-भेरि-झल्लरि-खरमुहि-हुडुक्क-मुरय-मुइंग-दुंदुभि-निग्घोस-नाइयरवेणं णियग परिवाल सद्धिं संपरिवुडा साइं-साइं जाणविमाणाइं दुरूढा समाणा अकालपरिहीणं।'

आचार-चूला ५।१४ में 'महद्धणमोल्लाइं' तथा १५।५६ में 'महव्वए' के आगे भी अपूर्णता सूचक संकेत नही है।

प्रमादवश कही-कही अपूर्णता सूचक 'जाव' का विपर्यय भी हुआ है, यथा—
फासुयं..............लाभे संते जाव पडिगाहेज्जा। (१।१०१)
बहुकंटगं... . ......लाभे संते जाव णो...... । (१।१३४)

## समर्पण-सूत्र

संक्षिप्त पद्धति के अनुसार आचारांग में समर्पण के अनेक रूप मिलते है—

जाव— अकिरियं जाव अभूतोवघाइयं (४।११)
तहेव— अक्कोसंति वा तहेव तेल्लादि सिणाणादि सीओदग वियडादि णिगिणाइ य (७।१६-२०)
अतिरिच्छच्छिन्नं तहेव तिरिच्छच्छिन्नं तहेव (७।३४,३५)
एवं— एवं णायव्वं जहा सद्दपडियाए सव्वा वाइत्तवज्जा रूवपडियाए वि (१२।२-१७)
जहा— पाणाइं जहा पिंडेसणाए (५।५)
संख्या— थूणंसि वा (४) (७।११)
असणं वा (४) (१।१२)
से भिक्खू वा २।

---

१. देखें—प० बेचरदास दोशी द्वारा संपादित 'रायपसेणइयं', पृ० ७३।
२. पूर्ति-स्थल के लिए देखें—वही, पृ० ६६, विवरण और पादटिप्पण।

तं चेव— तं चेव भाणियव्वं णवरं चउत्थाए णाणत्तं (१।१४९-१५४) सेसं तं चेव एवं ससरक्खे (१।६५)

हेट्ठिमो— एवं हेट्ठिमो गमो पायादि भाणियव्वो (१३।४०-७५)

## आचारांग का वाचना-भेद

समवायाग में आचारांग की अनेक वाचनाओं का उल्लेख मिलता है।[1] वाचना का अर्थ है—अध्यापन या सूत्र और अर्थ का प्रदान। संक्षिप्त वाचना-भेद अनेक मिलते है, किन्तु वर्तमान मे मुख्य दो वाचनाएँ प्राप्त है—एक प्रस्तुत-वाचना और दूसरी नागार्जुनीय-वाचना। चूर्णि और टीका में नागार्जुनीय वाचना-सम्मत पाठो का उल्लेख किया गया है। देखें—'आयारो' पृष्ठ २८ पादटिप्पण संख्यांक ४ और ७, पृष्ठ ४१ पादटिप्पण संख्याक २, पृष्ठ ४३ पादटिप्पण संख्यांक ३, पृष्ठ ४८ पादटिप्पण संख्याक ६, पृष्ठ ५४ पादटिप्पण संख्यांक ५४, पृष्ठ ५५ पादटिप्पण संख्याक १, पृष्ठ ६८ पादटिप्पण संख्याक २, पृष्ठ ७१ पादटिप्पण संख्यांक ६ और ७, पृष्ठ ७४ पादटिप्पण संख्याक ७, पृष्ठ ७५ पादटिप्पण संख्याक ८, पृष्ठ ९४ पादटिप्पण संख्याक १, पृष्ठ ९९ पादटिप्पण संख्याक १, पृष्ठ १०१ पादटिप्पण संख्यांक ११।

## आचारांग के उद्धृत पाठ

उत्तरवर्ती अनेक ग्रन्थो मे आचाराग के पाठ उद्धृत किए गए है। अपराजित-सूरि ने मूलाराधना की टीका में आचाराग के कुछ पाठ उद्धृत किए है।[2]

शोध करने पर ऐसा ज्ञात हुआ है कि कई पाठ आचारांग में नही है, कई पाठ शब्द-भेद से और कई पाठ आंशिक रूप मे मिलते है। तुलनात्मक अध्ययन की दृष्टि से दोनो पाठ नीचे दिए जा रहे है—

| मूलाराधना | आचारांग |
|---|---|
| तथा चोक्तमाचाराङ्गे :—<br>सुदं मे आउस्सन्तो भगवदा एव मक्खादं। इह खलु संयमाभिमुखा दुविहा इत्थी पुरिसा जादा भवंति। तंजहा—सव्व समण्णा गदे णो सव्व समागदे चेव। तत्थ जे सव्व | × × |

---

१ समवायाग समवाय १३६, परित्ता वायणा।

२ मूलाराधना ४।४२१, टीका पत्र ६१२।

समण्णागदे थिरांग / हत्थ पाणि -पादे सव्विदिय समण्णागदे तस्स णं णो कप्पदि एगमवि वत्थं धारिउं एवं परिहिउं एवं अण्णत्थ एगेण पडिलेहगेण ।

अह पुण एवं जाणिज्जा—उपातिकंते हेमंते गिम्हे सुपडिवण्णे से अथ पडिजुण्ण सुवधि पदिट्ठावेज्ज ।

—४।४२१ टीका, पत्र ६११

अह पुण एव जाणेज्जा—उवाइक्कंते खलु हेमंते, गिम्हे पडिवण्णे अहापरिजुन्नाइं वत्थाइं परिट्ठवेज्जा ।

—१।८, सू०५०,६६,६२

पडिलेहणं, पादपुंछणं, उग्गहं कडासणं अण्णदरं उवधिं पावेज्ज ।

—४।४२१ टीका, पत्र ६११

वत्थं पडिग्गहं कंबलं, पायपुंछणं उग्गहं च कडासणं एतेसु चेव जाणेज्जा ।

—१।२ सू० । ११२

तंथावत्थेसणाए—वुक्तं तत्थ एसे हिरिमणे सेगं वत्थं वा धारेज्ज पडिलेहणगं विदियं, तत्थ एसे जुग्गिदे देसे दुवे वत्थाणि धारिज्ज पडिलेहणगं तदियं । तत्थ एसे परिसाइं अणधिहासस्स तवो वत्थाणि धारेज्ज पडिलेहणं चउत्थं । —४।४२१ टीका, पत्र ६११

जे णिग्गंथे तरुणे जुगवं वलवं अप्पायंके थिरसंघयणे से एगं वत्थं धारेज्जा णो वितियं

—२।५ सू० २

तथा पाएसणाए कथितं—
हिरिमणे वा जुग्गिदे चाविअण्णगे वा तस्सण कप्पदि व्रत्थादिकं पुनश्चोक्तं तत्रैव—पाद चरित्तए ।

से भिक्खु वा भिक्खुणी वा अभिकखेज्जा पायं एसित्तए,

आलावु पत्तं वा दारुग पत्तं वा मट्टिगपत्तं वा, अप्पाणं अप्पवीज अप्पसरिदं तथा अप्पकारं पात्र लाभे सति पडिग्गहिस्सामि ।

—४।४२१ टीका, पत्र ६११

तंजहा—अलाउ पायं वा दारु पायं वा, मट्टिया पायं वा तहप्पगार पायं । —२।६ सू० १
फासुयं एसणिज्जं ति मण्णमाणे लाभे संते पडिगाहेज्जा ।

—२।६ सू० १०

भावनायां चोक्तं—
चरिमं चीवरधारी तेण परम चेलके तु जिणे

—४।४२१ टीका पत्र ६११

× ×

## शब्दान्तर और रूपान्तर

व्याकरण और आर्ष-प्रयोग-सिद्ध शब्दान्तर एवं रूपान्तर भाषा-शास्त्रीय अध्ययन की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं। इसलिए उन्हे पाठान्तर से पृथक् रखा है।

## आयारो

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अध्ययन १ | सूत्र | १ | सन्ना | सण्णा (च,छ)। |
| ,, १ | ,, | १३ | दुस्संबोहे | दुस्सबोधे (क,च,घ)। |
| ,, १ | ,, | ३४ | णियाग० | णियाय० (क,ख,च,घ)। |
| ,, १ | ,, | ४० | पवय० | पवद० (ख,च,ग)। |
| ,, १ | ,, | ४७ | ०मेगेसिं | ०मेकेसिं (क, घ)। |
| ,, १ | ,, | ५६ | पवेइयं | पवेदितं (क), पवेतिय (घ)। |
| ,, १ | ,, | ६७ | सया | सता (क, च)। |
| ,, १ | ,, | ७३ | पवेदिता | पवेदिदा (क)। |
| ,, १ | ,, | ६० | त णों | तन्नो (क, घ)। |
| ,, १ | ,, | ६४ | पाईणं | पावीणं (घ); पादीणं (घ)। |
| ,, १ | ,, | ६५ | अवि | यावि (ख,घ,); संसेतया (क); संसेदया (च)। |
| ,, १ | ,, | ११८ | संसेयया | संसेयमा (ख,), ससेतया (क); संसेदया (च)। |
| ,, १ | ,, | १२२ | ०णिव्वाणं | ०णेव्वाणं (क)। |
| ,, १ | ,, | १३० | ०पडिघाय | ०पडिग्घाय (क,ख,ग,घ)। |
| ,, २ | ,, | ६ | विभूसाए | विहूसाए (क)। |
| ,, २ | ,, | ४१ | मित्त० | मीत० (क)। |
| ,, २ | ,, | ६३ | ०साया | ०साता (क,च,छ)। |
| ,, २ | ,, | ७२ | खेयन्ने | खेतन्ने (घ,छ)। |
| ,, २ | ,, | ८६ | ०पाउडा | ०वाउडा (क)। |
| ,, २ | ,, | १०६ | अदिस्समाणे | आदिस्समाणे (क,छ)। |
| ,, २ | ,, | १३३ | मावातए | मावादए (च)। |
| ,, २ | ,, | १३४ | बहुमाई | बहुमादी (छ,चू)। |
| ,, २ | ,, | १६० | सहते | सहई (ग,घ,च)। |
| ,, २ | ,, | १६१ | अहियासमाणे | अधियासमाणे (क,च)। |
| ,, २ | ,, | १७१ | इह | इध (क)। |
| ,, २ | ,, | १७५ | अणादियमाणे | अणातियमाणे |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ,, | ३ | ,, | १७ | खेयन्ने | खेदन्ने (च) । |
| ,, | ३ | ,, | ४२ | पुरइत्तए | पूरतित्तए (छ) । |
| ,, | ३ | ,, | ६० | तहा० | तघा० (क,ग) । |
| ,, | ४ | ,, | ११ | सया | सता (क,छ,चू) । |
| ,, | ४ | ,, | २० | तिरियं | तिरितं (छ) । |
| ,, | ४ | ,, | २५ | असायं | आसायं (ख); अस्सायं (चू) । |
| ,, | ४ | ,, | ४८ | पासह | पासहा (च) । |
| ,, | ४ | ,, | ५० | पलिछिंदिय | परिछिंदिय (क) । |
| ,, | ४ | ,, | ५२ | जयाणं | जदाणं (छ) । |
| ,, | ५ | ,, | ६ | परिजाणतो | परिजाणओ (क,ख,ग); परियाणओ (घ) ; परियाणतो (च,छ) । |
| ,, | ५ | ,, | १० | सेवए | सेवे (घ,चू); सेवते (च) । |
| ,, | ५ | ,, | १७ | पलिउच्छन्ने | पलियच्छन्ने (घ) । |
| ,, | ५ | ,, | २६ | विपरिणाम० | विप्परिणाम० (क,घ,च) । |
| ,, | ५ | ,, | ३० | समुप्पेह० | समुवेह० (क,ख,ग) । |
| ,, | ५ | ,, | ४४ | णियाय | निदाय (क,च,चू) । |
| ,, | ५ | ,, | ५० | ०पहे | ०पधे (च) । |
| ,, | ५ | ,, | ५० | अण्णहा | अन्नधा (च,छ) । |
| ,, | ५ | ,, | ७२ | ०वेयण० | ०वेतण० (छ) । |
| ,, | ५ | ,, | ८७ | काहिए | काधिते (क, च, छ) । |
| ,, | ५ | ,, | ९२ | परिव्वयंति | परिव्वतंति (छ) । |
| ,, | ६ | ,, | १६ | कामेहिं | कामेसु (च) । |
| ,, | ६ | ,, | ३० | लाय | लोत (क) । |
| ,, | ६ | ,, | ३० | मायाए | माताए (छ) । |
| ,, | ६ | ,, | ६० | जाइस्सामि | जातिस्सामि (ख,ग,च,छ) । |
| ,, | ८ | ,, | १ | वेयावडियं | वेयापडियं (ग) । |
| ,, | ८ | ,, | ४ | ०माइयंति | ०मादितंति (ख,ग);०मातितंति (छ) । |
| ,, | ८ | ,, | ३१ | निसामिया | निसामित्ता (क), निसामेत्ता (छ) । |
| ,, | ८ | ,, | ८१ | अहा | आहा (ख,घ); आधा (च,छ) । |
| ,, | ८ | ,, | १०७ | कहं कहे | कधं कधे (ख,ग,घ,) । |
| ,, | ३।१ | ,, | ४ | वोसज्ज | वोसिज्ज (ख,।ग) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अध्ययन ६।१ | सूत्र | १६ | पर-पाए | पर-वादे (छ) । |
| ,, ६।४ | ,, | ६ | अविसाहिए | अविसाधिते (क,ख,ग) । |
| ,, ६।४ | ,, | ६ | आयत्त० | आतय० (क,छ) । |

## आयार-चूला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ,, | १ | ,, | २ | आयाय | आताए (अ); आयात (क,घ); आदाय (च) । |
| ,, | १ | ,, | २ | अप्पुदए | अप्पोदए (क,व) । |
| ,, | १ | ,, | १२ | अणिसट्ठं | अणिसिट्ठं (क, व) । |
| ,, | १ | ,, | १५ | पुरिसंतरकडं | पुरिसंतरगडं (छ) । |
| ,, | १ | ,, | २६ | अणिसिट्ठं | अणिसट्ठं (अ,च,व) । |
| ,, | १ | ,, | ३१ | आसित्ता | असित्ता (अ,क,च,छ) । |
| ,, | १ | ,, | ५७ | विगं | वगं (अ,छ) । |
| ,, | १ | ,, | ८३ | विल | विडं (घ) । |
| ,, | १ | ,, | ८६ | पिहुणेण | पेहुणेण (अ,क,घ) । |
| ,, | १ | ,, | ८६ | अफासुयं | अप्फासुयं (घ) । |
| ,, | १ | ,, | १०१ | दिज्जा | दज्जा (अ,च) । |
| ,, | १ | ,, | १०४ | दाडिम० | दालिम० (अ,व,घ) । |
| ,, | १ | ,, | १०५ | अहो० | अधो० (क,व,छ) । |
| ,, | १ | ,, | ११८ | तिंदुगं | तेंदुगं (च,छ) । |
| ,, | १ | ,, | १४६ | पाय० | पाद० (छ,व) । |
| ,, | २ | ,, | ६ | पुरिसंतरकडे | पुरिसंतरगडे (छ,व) । |
| ,, | ३ | ,, | ३६ | ०वडियाए | ०पडियाए (क,च,छ) । |
| ,, | ३ | ,, | ३६ | विउसेज्जा | वितोसेज्जा (अ) । |
| ,, | ३ | ,, | ४८ | पोक्खरणीओ | पुकरिणीओ (अ) ; पुक्खरिणीओ (व) । |
| ,, | ४ | ,, | २५ | पमेइले | पमेतिले (अ), पमेदिले (क,च,घ) । |
| ,, | ७ | ,, | १ | परदत्तभोई | परदत्तभोगी (अ,च), परदत्तभोति (व), परदत्तभोती (व) । |
| ,, | १३ | ,, | ६ | उल्लोलेज्ज | उल्लोडेज्ज (क,घ,च,छ,व) । |
| ,, | १० | ,, | १६ | गिद्धपिट्ठ० | गद्धपट्ठ० (घ,व) । |
| ,, | १३ | ,, | ६ | उल्लोलेज्ज | उल्लोडेज्ज (क,घ,च,छ,व) । |
| ,, | १५ | ,, | २६ | सावयेज्जं | सावएज्जं (घ,च); सावतेज्जं (व) । |
| ,, | १५ | ,, | ५८ | जाई | जाती (अ,छ,व) । |
| ,, | १५ | ,, | ६८ | ०भोई | भोजी (क), ०भोती (छ) । |

## प्रति परिचय

(अ) **आचारांग (दोनों श्रुतस्कन्ध)—**

यह प्रति जैन-भवन, कलाकार स्ट्रीट, कलकत्ता-७ की श्री श्रीचन्दजी रामपुरिया द्वारा प्राप्त है। इसके पत्र १८५ है। प्रत्येक पत्र १०॥ इंच लम्बा तथा ४। इंच चौडा है। प्रत्येक पत्र में १-१७ तक पक्तियाँ है। प्रत्येक पंक्ति में ४०-४५ तक अक्षर है। पत्र के चारो ओर वृत्ति लिखी हुई है। प्रति सुन्दर व कलात्मक है। सम्वत् वगैरह नही है।

(क) **दोनों श्रुतस्कन्ध मूलपाठ—**

यह प्रति गधैया पुस्तकालय, सरदारशहर से श्री मदनचन्दजी गोठी द्वारा प्राप्त है। इसके पत्र ६७ है। प्रत्येक पत्र १० इंच लम्वा तथा ४ इंच चौडा है। पंक्तियाँ १३ है। प्रत्येक पंक्ति में ५०-५२ तक अक्षर है। प्रति के अंत में लिखा है—

सम्वत् १६७९ वर्षे आषाढ़ सुदि द्वितीय ४ भौम। श्री मालान्वये राक्याण गोत्रे सं० जटमल पुत्र सं० वेणीदास पुस्तक प्रदत्तं श्रीमद् नागपुरीय तपागच्छ सं० श्री मान कीर्ति सूरि शिष्य माघव ज्योतिविद्=।

अंत के अक्षर किसी अन्य व्यक्ति के मालूम होते है। प्रति के वीच में वावडी तथा तीन वडे-वडे लाल टीके है।

(ख) **आचारांग टव्वा (प्रथम श्रुतस्कन्ध)—**

यह प्रति गधैया पुस्तकालय से गोठीजी द्वारा प्राप्त है। इसके ४६ पत्र है। पंक्तियाँ पाठ की ७ तथा टव्वे की १४ है। प्रत्येक पत्र १० इंच लम्वा तथा ४ इंच चौडा है। प्रत्येक पंक्ति में ४२ से ४५ तक पाठ के अक्षर है। अंतिम प्रशस्ति निम्नोक्त है—

सम्वत् १७३२ वर्षे श्रावण मासे कृष्ण पक्षे पंचमी तिथौ गुरु वासरे। लिखितं पूज्य ऋषि श्री ५ अमराजी तत् शिष्येण लिपि कृतं मुनि विका॥ आत्मार्थो शुभं भवतु कल्याण मस्तु। सेहुरीया ग्रामे संपूर्ण मस्ति॥

(ग) **आचा० (प्रथम श्रुतस्कन्ध) पंच पाठी** (वालावबोध)—

यह प्रति गधैया पुस्तकालय से श्री गोठीजी द्वारा प्राप्त है। इसके ९० पत्र हैं। प्रथम ३ तथा छठा पत्र नही है। प्रत्येक पत्र १० इंच लम्वा तथा ४। इंच चौडा है। मूलपाठ की पंक्तियाँ ५ से १० तक है। अक्षर ३० से ३३ तक है। अंतिम प्रशस्ति नही है।

(घ) **दोनों श्रुतस्कन्ध, (जीर्ण)—**

यह प्रति भारतीय संस्कृति विद्या-मंदिर, अहमदावाद से श्री गोठीजी द्वारा प्राप्त है। इसके ३७ पत्र हैं। प्रत्येक पत्र १३॥ इंच लम्वा, ५ इंच

चौड़ा है। पंक्तियाँ १७ तथा प्रत्येक पंक्ति में ६० से ६५ तक अक्षर हैं। अंतिम प्रशस्ति निम्नोक्त है—

शुभं भवतु। कल्याण मस्तु ॥ छ ॥ संवत् १५७३ वर्षे १० मंगलवार समत्तं ॥छ॥ ॥ छ ॥ श्री ॥ छ ॥

प्रति के दीमक लगने से अनेक स्थानों पर छिद्र हो गए है।

(च) **दोनों श्रुतस्कन्ध, मूलपाठ—**

यह प्रति भारतीय संस्कृति विद्यामंदिर, अहमदावाद के लालभाई दलपत-भाई ज्ञान भण्डार से मदनचन्दजी गोठी द्वारा प्राप्त हुई है। इसके ७८ पत्र है। प्रत्येक पत्र मे १३ पंक्तियाँ तथा प्रत्येक पंक्ति में ४० से ४७ तक अक्षर है। प्रत्येक पत्र १० इंच लम्बा तथा ४॥ इंच चौडा है। बीच में बावडी है।

(छ) **दोनों श्रुतस्कन्ध, वृत्ति सहित (त्रिपाठी)—**

यह प्रति गधैया पुस्तकालय सरदारशहर से गोठीजी द्वारा प्राप्त है। इसके २९० पत्र है। प्रत्येक पत्र ११ इंच लम्बा तथा ४॥ इच चौड़ा है। मूलपाठ की पंक्तियाँ १ से १७ तथा ४५ से ४७ तक अक्षर हैं। अंतिम प्रशस्ति निम्नोक्त है—

संवत् १८९९ वर्षे श्रावण शुक्ल पक्षे सप्तम्या तिथौ श्री विक्रमपुर मध्ये लिपिकृतं ॥ श्रीरस्तु कल्याणमस्तु। शुभं भूयादिति ॥

(व) **(द्वितीय श्रुतस्कन्ध) टब्बा (पंचपाठी)—**

यह प्रति गधैया पुस्तकालय सरदारशहर से मदनचन्दजी गोठी द्वारा प्राप्त हुई है। इसके ८४ पत्र है। प्रत्येक पत्र १०। इंच लम्बा तथा ४॥ इंच चौडा है। मूलपाठ की पंक्तियाँ ४ से १३ हैं। प्रत्येक पंक्ति मे २८ से ३३ तक अक्षर है। बीच-बीच में बावडियाँ है। अंतिम प्रशस्ति निम्नोक्त है—

सम्वत् १७४२ वर्षे भाद्रपद मासे पचम्या तिथौ ओरस गच्छे भट्टारक श्री कक्कसूरि तत्पट्टे वर्तमान भट्टारक देवगुप्तसूरिभिर्गृहीता नागोरी तपागच्छीय पं० श्रीदयालदास पार्श्वात् पचचत्वरिंशत् ४५ वर्षोतरात् महतोद्यमेन।

(वृ), (वृपा) मुद्रित, प्रकाशिका—श्री सिद्धचक्र साहित्य प्रचारक समिति विक्रम सम्वत् १९९१।

(चू), (चूपा) मुद्रित—श्री ऋषभदेवजी केशरीमलजी, रतलाम, वि० १९९८।

## सहयोगानुभूति

जैन-परम्परा मे वाचना का इतिहास बहुत प्राचीन है। आज से १५०० वर्ष पूर्व तक आगम की चार वाचनाएँ हो चुकी हैं। देवर्द्धिगणी के बाद कोई सुनियोजित आगम-वाचना नही हुई। उनके वाचना-काल में जो आगम लिखे गए थे, वे इस

लम्बी अवधि में बहुत ही अव्यवस्थित हो गए हैं। उनकी पुनर्व्यवस्था के लिए आज फिर एक सुनियोजित वाचना की अपेक्षा थी। आचार्य श्री तुलसी ने सुनियोजित सामूहिक वाचना के लिए प्रयत्न भी किया था, परन्तु वह पूर्ण नहीं हो सका। अन्ततः हम इसी निष्कर्ष पर पहुँचे कि हमारी वाचना अनुसन्धान पूर्ण, गवेषणा पूर्ण, तटस्थ दृष्टि-समन्वित तथा सपरिश्रम होगी तो वह अपने आप सामूहिक हो जाएगी। इसी निर्णय के आधार पर हमारा यह आगम-वाचना का कार्य प्रारम्भ हुआ।

हमारी इस वाचना के प्रमुख आचार्य श्री तुलसी हैं। वाचना का अर्थ अध्यापन है। हमारी इस प्रवृत्ति में अध्यापन-कर्म के अनेक अंग हैं—पाठ का अनुसंधान, भाषान्तरण, समीक्षात्मक अध्ययन, तुलनात्मक अध्ययन आदि-आदि। इन सभी प्रवृत्तियों में आचार्य श्री का हमें सक्रिय योग, मार्ग-दर्शन और प्रोत्साहन प्राप्त है। यही हमारा इस गुरुतर कार्य में प्रवृत्त होने का शक्ति-बीज है।

मैं आचार्य श्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन कर भार-मुक्त होऊँ, उसकी अपेक्षा अच्छा है कि अग्रिम कार्य के लिए उनके आशीर्वाद का शक्ति-संबल पा और अधिक भारी बनूँ।

प्रस्तुत ग्रन्थ के सम्पादन में मुनि दुलहराजजी का अविकल योग रहा है। पाठ-सम्पादन के कार्य में मुनि सुदर्शनजी, मुनि मधुकरजी और मुनि हीरालालजी ने श्रम और निष्ठापूर्वक योग दिया है।

शब्दानुक्रम आदि कार्य में मुनि श्रीचन्द्रजी 'कमल' अत्यन्त दत्तचित्तता से लगे रहे हैं। मुनि हनुमानमलजी (सरदारशहर) का भी उसमे सहयोग रहा है।

इसका शुद्धि-पत्र तैयार करने मे मुनि सागरमलजी 'श्रमण' का सहयोग रहा है।

इसका ग्रन्थ-परिमाण मुनि मोहनलालजी (आमेट) ने तैयार किया है।

कार्य-निष्पत्ति मे इनके योग का मूल्यांकन करते हुए मैं इनके प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

आगम के प्रवन्ध-सम्पादक श्री श्रीचन्दजी रामपुरिया, आदर्श साहित्य संघ के संचालक व व्यवस्थापक श्री हनूतमलजी सुराना और श्री जयचन्दलालजी दफ्तरी का भी अविरल योग रहा है। आदर्श साहित्य संघ की सहयुक्त सामग्री ने इस दिशा में महत्त्वपूर्ण कार्य किया है।

एक लक्ष्य के लिए समान गति से चलने वालो की समप्रवृत्ति में योग-दान की परम्परा का उल्लेख व्यवहार-पूर्ति मात्र है। वास्तव में यह हम सबका पवित्र कर्त्तव्य है और उसी का हम सबने पालन किया है।

**सागर-सदन**, शाहीबाग,
अहमदाबाद-४
२६ अगस्त, १६६७

मुनि नथमल

# भूमिका

# विषय-सूची

# १-आगमों का वर्गीकरण

जैन-साहित्य का प्राचीनतम भाग आगम है। समवायांग में आगम के दो रूप प्राप्त होते है—(१) द्वादशाग गणिपिटक[1] और (२) चतुर्दश पूर्व[2]। नन्दी में श्रुत-ज्ञान (आगम) के दो विभाग मिलते है—(१) अङ्ग-प्रविष्ट और (२) अङ्ग-बाह्य।[3] आगम-साहित्य में साधु-साध्वियो के अध्ययन-विषयक [illegible]जतने उल्लेख प्राप्त होते हैं, वे सब अङ्गो और पूर्[illegible] [illegible] अवतार हैं। [illegible]मेधा पुरुषो तथा स्त्रियो के लिए [illegible]

(१ [illegible] थे, जिनकी प्रतिभा प्रखर नही होती [illegible] [illegible]ने वाले—

करते थे। आगम-विच्छेद [illegible] [illegible]ङ्गाईं अहिज्जइ ( अन्तगड, प्रथम वर्ग )। यह [illegible] भगवान् अरिष्टनेमि के शिष्य गौतम के विषय में प्राप्त है।

सामाइयमाइयाइं एक्कारसअंगाइं अहिज्जइ ( अन्तगड, पंचम वर्ग, प्रथम [illegible]ध्ययन )। यह उल्लेख भगवान् अरिष्टनेमि की शिष्या पद्मावती के विषय में प्राप्त है।

सामाइयमाइयाइं एक्कारसअंगाइं अहिज्जइ ( अन्तगड, अष्टम वर्ग, प्रथम अध्ययन। यह उल्लेख भगवान् महावीर की शिष्या काली के विषय में प्राप्त है।

सामाइयमाइयाइं एक्कारसअंगाइं अहिज्जइ ( अन्तगड, षष्ठ वर्ग, १५ वॉ अध्ययन )। यह उल्लेख भगवान् महावीर के शिष्य अतिमुक्तकुमार के विषय में प्राप्त है।

(२) बारह अङ्गों को पढ़ने वाले—

बारसंगी ( अन्तगड, चतुर्थ वर्ग, प्रथम अध्ययन )। यह उल्लेख भगवान् अरिष्टनेमि के शिष्य जालीकुमार के विषय में प्राप्त है।

(३) चौदह पूर्वों को पढने वाले—

चौद्दसपुव्वाइं अहिज्जइ (अंतगड, तृतीय वर्ग, नवम अध्ययन)। यह उल्लेख भगवान् अरिष्टनेमि के शिष्य सुमुखकुमार के विषय मे प्राप्त है।

सामाइयमाइयाइं चौद्दसपुव्वाइं अहिज्जइ ( अंतगड, तृतीय वर्ग, प्रथम अध्ययन )। यह उल्लेख भगवान् अरिष्टनेमि के शिष्य अणीयमकुमार के विषय में प्राप्त है।

---

१. समवायांग, प्रकीर्णक समवाय, सू० ८८।

२ वही, समवाय १४, सू० २।

३. नन्दी, सू० ४३।

भगवान् पार्श्व के साढे तीन सौ चतुर्दश-पूर्वी मुनि थे।[1]

भगवान् महावीर के तीन सौ चतुर्दश-पूर्वी मुनि थे।[2]

समवायाग और अनुयोगद्वार में अङ्ग-प्रविष्ट और अङ्ग-वाह्य का विभाग नही है। सर्व प्रथम यह विभाग नन्दी में मिलता है। अङ्ग-बाह्य की रचना अर्वाचीन स्थविरो ने की है। नन्दी की रचना से पूर्व अनेक अङ्ग-वाह्य ग्रन्थ रचे जा चुके थे और वे चतुर्दश-पूर्वी या दश-पूर्वी स्थविरो द्वारा रचे गए थे। इसलिए उन्हे आगम की कोटि में रखा गया। उसके फलस्वरूप [illegible] विभाग [illegible]—(१) अङ्ग-प्रविष्ट और (२) अङ्ग-वाह्य। यह विभाग [illegible]) तक नही हुआ था। यह सबसे पहले नन्दी (वीर-[illegible]

नन्दी की रचना तक आगम के तीन वर्गीकरण हो जात[illegible]—(१) [illegible] प्रविष्ट और (३) अङ्ग-वाह्य। आज 'अङ्ग-प्रविष्ट' और 'अङ्ग-वाह्य' उपलब्ध होते है, किन्तु पूर्व उपलब्ध नहीं है। उनकी अनुपलब्धि ऐतिहासिक दृष्टि से विमर्शनीय है।

## २-पूर्व

जैन-परम्परा के अनुसार श्रुत-ज्ञान (शाब्द-ज्ञान) का अक्षयकोष 'पूर्व' है। इसके अर्थ और रचना के विषय में सव एकमत नही हैं। प्राचीन आचार्यों के मतानुसार 'पूर्व' द्वादशांगी से पहले रचे गए थे, इसलिए इनका नाम 'पूर्व' रखा गया।[3] आधुनिक विद्वानो का अभिमत यह है कि 'पूर्व' भगवान् पार्श्व की परम्परा की श्रुत-राशि है। यह भगवान् महावीर से पूर्ववर्ती है, इसलिए इसे 'पूर्व' कहा गया है।[4] दोनों अभिमतों में से किसी को भी मान्य किया जाए, किन्तु इस फलित में कोई अन्तर नही आता कि पूर्वो की रचना द्वादशांगी से पहले हुई थी या द्वादशागी पूर्वों की उत्तरकालीन रचना है।

वर्तमान में जो द्वादशांगी का रूप प्राप्त है, उसमें 'पूर्व' समाए हुए है। वारहवॉ अङ्ग

१. समवायाग, प्रकीर्णक समवाय, सू० १४।
२. वही, सू० १२।
३. समवायांग वृत्ति, पत्र १०१ :
प्रथमं पूर्वं तस्य सर्वप्रवचनात् पूर्वं क्रियमाणत्वात्।
४. नन्दी, मलयगिरि वृत्ति, पत्र २४० :
अन्ये तु व्याचक्षते पूर्वं पूर्वगतसूत्रार्थं मर्हन् भाषते, गणधरा अपि पूर्वं पूर्वगतसूत्रं विरचयन्ति, पश्चादाचारादिकम्।

दृष्टिवाद है। उसका एक विभाग है पूर्वगत। चौदह पूर्व इसी 'पूर्व' के अन्तर्गत किए गए है। भगवान् महावीर ने प्रारम्भ में पूर्वगत का अर्थ 'प्रतिपादित' किया था और गौतम आदि गणधरो ने भी प्रारम्भ में पूर्वगत-श्रुत की रचना की थी। इस अभिमत से यह फलित होता है कि चौदह पूर्व और बारहवॉ अङ्ग—ये दोनो भिन्न नही है। पूर्वगत-श्रुत बहुत गहन था। सर्व साधारण के लिए वह सुलभ नही था। अङ्गो की रचना अल्पमेधा व्यक्तियों के लिए की गई। जिनभद्र गणि क्षमाश्रमण ने बताया है कि 'दृष्टिवाद मे समस्त शब्द-ज्ञान का अवतार हो जाता है। फिर भी ग्यारह अङ्गो की रचना अल्पमेधा पुरुषो तथा स्त्रियो के लिए की गई।'[1] ग्यारह अङ्गो को वे ही साधु पढ़ते थे, जिनकी प्रतिभा प्रखर नही होती थी। प्रतिभा सम्पन्न मुनि पूर्वों का अध्ययन करते थे। आगम-विच्छेद के क्रम से भी यही फलित होता है कि ग्यारह अङ्ग दृष्टिवाद या पूर्वों से सरल या भिन्न-क्रम मे रहे है। दिगम्बर-परम्परा के अनुसार वीर-निर्वाण के बासठ वर्ष बाद केवली नही रहे। उसके बाद सौ वर्ष तक श्रुत-केवली (चतुर्दश-पूर्वी) रहे। उसके पश्चात् एक सौ तिरासी वर्ष तक दशपूर्वी रहे। इनके पश्चात् दो सौ बीस वर्ष तक ग्यारह अङ्गधर रहे।[2]

उक्त चर्चा से यह स्पष्ट है कि जब तक आचार आदि अङ्गो की रचना नही हुई थी, तब तक महावीर की श्रुत-राशि 'चौदह पूर्व' या 'दृष्टिवाद' के नाम से अभिहित होती थी और जब आचार आदि ग्यारह अङ्गो की रचना हो गई, तब दृष्टिवाद को बारहवें अङ्ग के रूप में स्थापित किया गया।

यद्यपि बारह अङ्गो को पढ़ने वाले और चौदह पूर्वो को पढ़ने वाले—ये भिन्न-भिन्न उल्लेख मिलते है,[3] फिर भी यह नही कहा जा सकता कि चौदह पूर्वों के अध्येता बारह अङ्गो के अध्येता नही थे और बारह अङ्गो के अध्येता चतुर्दश-पूर्वी नहीं थे। गौतम स्वामी को 'द्वादशांगवित्' कहा गया है।[4] वे चतुर्दश-पूर्वी और अङ्गधर दोनो थे। यह कहने का प्रकार-भेद रहा है कि श्रुत-केवली को कहीं 'द्वादशागवित्' और कही 'चतुर्दश-पूर्वी' कहा गया।

ग्यारह अङ्ग पूर्वों से उद्धृत या संकलित हैं। इसलिए जो चतुर्दश-पूर्वी होता है,

---

१. विशेषावश्यक भाष्य, गाथा ५५४ :
जइवि य भूतावाए, सव्वस्स वओगयस्स ओयारो।
निज्जूहणा तहावि हु, दुम्मेहे पप्प इत्थी य ॥
२. जयधवला, प्रस्तावना पृ० ४९।
३. देखिए—भूमिका का प्रारम्भिक भाग।
४. उत्तराध्ययन, २३।७।

वह स्वाभाविक रूप से ही द्वादशांगवित् होता है। बारहवे अङ्ग में चौदह पूर्व समाविष्ट हैं। इसलिए जो द्वादशांगवित् होता है, वह स्वभावतः ही चतुर्दश-पूर्वी होता है। अतः हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते है कि आगम के प्राचीन वर्गीकरण दो ही है—(१) चौदह पूर्व और (२) ग्यारह अङ्ग। द्वादशांगी का स्वतंत्र स्थान नही है। यह पूर्वों और अङ्गो का संयुक्त नाम है।

कुछ आधुनिक विद्वानो ने पूर्वों को भगवान् पार्श्व-कालीन और अङ्गो को भगवान् महावीर-कालीन माना है, पर यह अभिमत संगत नही है। पूर्वों और अङ्गो की परम्परा भगवान् अरिष्टनेमि और भगवान् पार्श्व के युग में भी रही है। अङ्ग अल्पमेधा व्यक्तियो के लिए रचे गए, यह पहले बताया जा चुका है। भगवान् पार्श्व के युग मे सब मुनियो का प्रतिभा-स्तर समान था, यह कैसे माना जा सकता है? प्रतिभा का तारतम्य अपने-अपने युग में सदा रहा है। मनोवैज्ञानिक और व्यावहारिक-दृष्टि से विचार करने पर भी हम इसी बिन्दु पर पहुँचते है कि अङ्गो की अपेक्षा भगवान् पार्श्व के शासन में भी रही है। इसलिए इस अभिमत की पुष्टि में कोई साक्ष्य प्राप्त नही है कि भगवान् पार्श्व के युग में केवल पूर्व ही थे, अङ्ग नही। सामान्य-ज्ञान से यही तथ्य निष्पन्न होता है कि भगवान् महावीर के शासन में पूर्वों और अङ्गों का युग की भाव, भाषा, शैली और अपेक्षा के अनुसार नवीनीकरण हुआ। 'पूर्व' पार्श्व की परम्परा से लिए गए और 'अङ्ग' महावीर की परम्परा में रचे गए, इस अभिमत के समर्थन में संभवतः कल्पना ही प्रधान रही है।

## ३-अङ्ग-प्रविष्ट और अङ्ग-बाह्य

भगवान् महावीर के अस्तित्व-काल में गौतम आदि गणधरो ने पूर्वों और अङ्गो की रचना की, यह सर्व-विश्रुत है। क्या अन्य मुनियो ने आगम-ग्रन्थो की रचना नही की—यह प्रश्न सहज ही उठता है। भगवान् महावीर के चौदह हजार शिष्य थे।[1] उनमें सात सौ केवली थे, चार सौ वादी थे। उन्होंने ग्रन्थो की रचना नही की, ऐसा सम्भव नही लगता। नन्दी में बताया गया है कि भगवान् महावीर के शिष्यो ने चौदह हजार प्रकीर्णक बनाए थे।[2] ये पूर्वो और अङ्गो से अतिरिक्त थे। उस समय अङ्ग-प्रविष्ट और अङ्ग-बाह्य ऐसा वर्गीकरण हुआ, यह प्रमाणित करने के लिए कोई साक्ष्य प्राप्त नही है। भगवान् महावीर के निर्वाण के पश्चात् अर्वाचीन आचार्यों ने

---

१. समवायाग, समवाय १४, सू० ४।

२. नन्दी, सू० ७८.

चोद्दसपइन्नगसहस्साणि भगवओ वद्धमाणस्स।

ग्रन्थ रचे, तब संभव है उन्हें आगम की कोटि में रखने या न रखने की चर्चा चली और उनके प्रमाण्य और अप्रमाण्य का प्रश्न भी उठा। चर्चा के बाद चतुर्दश-पूर्वी और दस-पूर्वी स्थविरों द्वारा रचित ग्रन्थों को आगम की कोटि में रखने का निर्णय हुआ किन्तु उन्हें स्वतः प्रमाण नहीं माना गया। उनका प्रमाण्य परतः था। वे द्वादशांगी से अविरुद्ध हैं, इस कसौटी से कसकर उन्हें आगम की संज्ञा दी गई। उनका परतः प्रमाण्य था, इसीलिए उन्हें अङ्ग-प्रविष्ट की कोटि से भिन्न रखने की आवश्यकता प्रतीत हुई। इस स्थिति के संदर्भ में आगम की अङ्ग-बाह्य कोटि का उद्भव हुआ।

जिनभद्रगणि क्षमाश्रमण ने अङ्ग-प्रविष्ट और अङ्ग-बाह्य के भेद-निरूपण में तीन हेतु प्रस्तुत किए हैं—

(१) जो गणधर-कृत होता है।

(२) जो गणधर द्वारा प्रश्न किए जाने पर तीर्थङ्कर द्वारा प्रतिपादित होता है।

(३) जो ध्रुव—शाश्वत सत्यों से सम्बन्धित होता है, सुदीर्घकालीन होता है—वही श्रुत अङ्ग-प्रविष्ट होता है।[1]

इसके विपरीत (१) जो स्थविर-कृत होता है, (२) जो प्रश्न पूछे बिना तीर्थङ्कर द्वारा प्रतिपादित होता है, (३) जो चल होता है—तात्कालिक या सामयिक होता है—उस श्रुत का नाम अङ्ग-बाह्य है।

अङ्ग-प्रविष्ट और अङ्ग-बाह्य में भेद करने का मुख्य हेतु वक्ता का भेद है।[2] जिस आगम के वक्ता भगवान् महावीर हैं और जिसके संकलयिता गणधर हैं, वह श्रुत-पुरुष के मूल अङ्गों के रूप में स्वीकृत होता है, इसलिए उसे अङ्ग-प्रविष्ट कहा गया है। सर्वार्थसिद्धि के अनुसार वक्ता तीन प्रकार के होते हैं—(१) तीर्थङ्कर, (२) श्रुत-केवली (चतुर्दश-पूर्वी) और (३) आरातीय।[3] आरातीय आचार्यों के द्वारा रचित आगम ही अङ्ग-बाह्य माने गए हैं। आचार्य अकलंक के शब्दों में आरातीय आचार्य-कृत आगम अङ्ग-प्रतिपादित अर्थ से प्रतिबिम्बित होते हैं इसीलिए वे अङ्ग-बाह्य कहलाते हैं।[4] अङ्ग-बाह्य आगम श्रुत-पुरुष के प्रत्यंग या उपांग स्थानीय हैं।

---

१. विशेषावश्यकभाष्य, गाथा ५५२ :
गणहर-थेरकयं वा, आएसा मुक्क-वागरणओ वा।
धुव-चल विसेसओ वा, अगाणंगेसु नाणत्तं॥

२. तत्त्वार्थ भाष्य, १।२० :
वक्तृ-विशेषाद् द्वैविध्यम्।

३. सर्वार्थसिद्धि, १।२० :
त्रयो वक्तारः—सर्वज्ञस्तीर्थकरः, इतरो वा श्रुतकेवली आरातीयश्चेति।

४. तत्त्वार्थ-राजवार्तिक, १।२० :
आरातीयाचार्यकृताङ्गार्थप्रत्यासन्नरूपमङ्गबाह्यम्।

## ४-अङ्ग

द्वादशांगी में संगर्भित बारह आगमों को अङ्ग कहा गया है। अङ्ग शब्द संस्कृत और प्राकृत दोनो भाषाओं के साहित्य में प्राप्त होता है। वैदिक साहित्य में वेदाध्ययन के सहायक-ग्रन्थों को अङ्ग कहा गया है। उनकी संख्या छह है—

(१) शिक्षा— शब्दो के उच्चारण-विधान का प्रतिपादक ग्रन्थ।
(२) कल्प— वेद-विहित कर्मों का क्रमपूर्वक व्यवस्थित प्रतिपादन करने वाला शास्त्र।
(३) व्याकरण— पद-स्वरूप और पदार्थ-निश्चय का निमित्त-शास्त्र।
(४) निरुक्त— पदो की व्युत्पत्ति का निरूपण करने वाला शास्त्र।
(५) छन्द— मंत्रोच्चारण के लिए स्वर-विज्ञान का प्रतिपादक शास्त्र।
(६) ज्योतिष— यज्ञ-याग आदि कार्यों के लिए समय-शुद्धि का प्रतिपादक शास्त्र।

वैदिक साहित्य मे वेद-पुरुष की कल्पना की गई है। उसके अनुसार शिक्षा वेद की नासिका है, कल्प हाथ, व्याकरण मुख, निरुक्त श्रोत्र, छन्द पैर और ज्योतिष नेत्र है। इसीलिए ये वेद-शरीर के अङ्ग कहलाते है।[1]

पालि-साहित्य में भी 'अङ्ग' शब्द का उपयोग किया गया है। एक स्थान में बुद्ध-वचनों को नवांग और दूसरे स्थान में द्वादशांग कहा गया है।

### नवांग—

(१) सुत्त— भगवान् बुद्ध के गद्यमय उपदेश।
(२) गेय्य— गद्य-पद्य मिश्रित अंश।
(३) वेय्याकरण— व्याख्यापरक ग्रन्थ।
(४) गाथा— पद्य में रचित ग्रन्थ।
(५) उदान— बुद्ध के मुख से निकले हुए भावमय प्रीति-उद्गार।
(६) इतिवुत्तक— छोटे-छोटे व्याख्यान जिनका प्रारम्भ 'बुद्ध ने ऐसे कहा' से होता है।
(७) जातक— बुद्ध की पूर्व-जन्म-सम्बन्धी कथाएँ।
(८) अब्भुतधम्म— अद्भुत वस्तुओं या योगज-विभूतियों का निरूपण करने वाले ग्रन्थ।
(९) वेदल्ल— वे उपदेश जो प्रश्नोत्तर की शैली मे लिखे गए हैं।[2]

---

१. पाणिनीय शिक्षा, ४१,४२।
२. सद्धर्मपंडरीक सूत्र, पृ० ३४।

**द्वादशांग—**

(१) सूत्र, (२) गेय, (३) व्याकरण, (४) गाथा, (५) उदान, (६) अवदान, (७) इतिवृत्तक, (८) निदान, (९) वैपुल्य, (१०) जातक, (११) उपदेश-धर्म और (१२) अद्भुत-धर्म ।[1]

जैनागम बारह अंगो में विभक्त है—(१) आचार, (२) सूत्रकृत, (३) स्थान, (४) समवाय, (५) भगवती, (६) ज्ञाता धर्मकथा, (७) उपासकदशा, (८) अन्तकृद्, (९) अनुत्तरोपपातिक, (१०) प्रश्नव्याकरण, (११) विपाक और (१२) दृष्टिवाद ।

'अङ्ग' शब्द का प्रयोग भारतीय दर्शन की तीनो प्रमुख धाराओं में प्रयुक्त हुआ है । वैदिक और बौद्ध साहित्य में मुख्य ग्रन्थ वेद और पिटक हैं । उनके साथ 'अङ्ग' शब्द का कोई योग नही है । जैन साहित्य मे मुख्य ग्रन्थो का वर्गीकरण गणिपिटक है । उसके साथ 'अङ्ग' शब्द का योग हुआ है । गणिपिटक के बारह अङ्ग है— 'दुवालसंगे गणिपिडगे ।'[2]

जैन-परम्परा मे श्रुत-पुरुष की कल्पना भी प्राप्त होती है । आचार आदि बारह आगम श्रुत-पुरुष के अङ्गस्थानीय हैं । संभवतः इसीलिए उन्हे बारह अङ्ग कहा गया ।[3] इस प्रकार द्वादशांग गणिपिटक और श्रुत-पुरुष दोनो का विशेषण बनता है ।

## ५-प्रथम अङ्ग

द्वादशागी मे आचारांग का पहला स्थान है ।[4] इस विषय में दो विचारधाराएँ प्राप्त होती है । एक धारा के अनुसार आचाराग पहला अङ्ग स्थापनाक्रम की दृष्टि से है, रचना-क्रम की दृष्टि से वह बारहवॉ अङ्ग है । दूसरी धारा के अनुसार रचना-क्रम

---

१ बौद्ध सस्कृत ग्रन्थ 'अभिसमयालंकार' की टीका, पृ० ३५ -
सूत्रं गेय व्याकरणं, गाथोदानावदानकम् ।
इतिवृत्तक निदान, वैपुल्यं च सजातकम् ।
उपदेशाद्भुतौ धर्मो, द्वादशांगमिदं वच ।।

२. समवायाग, प्रकीर्णक समवाय, सूत्र ८८ ।

३. मूलाराधना, ४/५९९ विजयोदया :
श्रुत पुरुष मुखचरणाद्यङ्गस्थानीयत्वादगशब्देनोच्यते ।

४. समवायाग, प्रकीर्णक समवाय, सूत्र ८९ :
से णं अङ्गट्ठयाए पढमे ।
(क) नदी, मलयगिरि वृत्ति, पत्र २११ :
स्थापनामधिकृत्य प्रथममङ्गम् ।
(ख) वही, मलयगिरि वृत्ति, पत्र २४० :
(ग) तणधराः पुन' सूत्ररचना विदधत आचारादिक्रमेण विदधतिस्थापयन्ति वा (च ?) ।

और स्थापना-क्रम दोनो दृष्टियो से आचारांग पहला अङ्ग है। आचार्य मलयगिरि[1] तथा अभयदेवसूरि[1] दोनो ने ही उक्त दोनों विचारधाराओ का उल्लेख किया है। ये धाराएँ उनसे पहले ही प्रचलित थी। अङ्ग पूर्वो से निर्यूढ है, इस अभिमत के आलोक में देखा जाए तो यही धारा संगत लगती है कि आचारांग स्थापना-क्रम की दृष्टि से पहला अङ्ग है, किन्तु रचना-क्रम की दृष्टि से नहीं। निर्युक्तिकार ने 'आचार' को प्रथम अङ्ग माना है। उनके अनुसार तीर्थङ्कर सर्वप्रथम 'आचार' का और फिर क्रमशः शेष अङ्गो का प्रतिपादन करते है।[2] गणधर भी उसी क्रम से अङ्गो की रचना करते है।[3] निर्युक्तिकार ने आचारांग की प्रथमता का कारण भी प्रस्तुत किया है। उन्होंने लिखा है—आचारांग में मोक्ष के उपाय (चरण-करण या आचार) का प्रतिपादन किया गया है और यही प्रवचन का सार है। इसलिए द्वादशांगी मे आचारांग का प्रथम स्थान है।[4]

इससे प्रतीत होता है कि निर्युक्तिकार इस धारा के समर्थक रहे है कि रचना की दृष्टि से आचारांग का प्रथम स्थान है। किन्तु ग्यारह अङ्गो को पूर्वों से निर्यूढ माना जाए, उस स्थिति में निर्युक्ति-सम्मत धारा की संगति नही बैठती। संभव है, निर्युक्तिकार ने अङ्गो के निर्यूहण की प्रक्रिया का यह क्रम मान्य किया हो कि सर्व प्रथम आचारांग का निर्यूहण और स्थापन होता है तथा तत्पश्चात् सूत्रकृत आदि अङ्गो का। इस सम्भावना को स्वीकार कर लेने पर दोनों धाराओ की बाह्य दूरी रहने पर भी आन्तरिक दूरी समाप्त हो जाती है।

---

१. (क) समवायांग वृत्ति, पत्र १०१ : प्रथममङ्गं स्थापनामधिकृत्य, रचनापेक्षया तु द्वादशमङ्गम्।

(ख) वही, पत्र १२१ : गणधरा. पुन. श्रुतरचनां विदधाना आचादिक्रमेण रचयन्ति स्थापयन्ति च।

२ आंचारांग निर्युक्ति, गाथा ८

सव्वेसि आयारो, तित्थस्स पवत्तणे पढमय.ए।
सेसाइं अंगाइ, एक्कारस आणुपुव्वीए।

३. वही, गाथा ८ वृत्ति :

गणधरा अप्यनयैवानुपूर्व्या सूत्रतया ग्रन्थन्ति।

४. वही, गाथा ९ :

आयारो अङ्गाणं, पढम अङ्गं दुवालसण्हपि।
इत्थ य मोक्खो वाओ, एस य सारो पवयणस्स॥

## ६-श्रुतस्कंध

समवायांग में आचारांग के दो श्रुतस्कन्ध बतलाए गए है।[1] इससे यह प्रमाणित होता है कि समवायांग में प्राप्त द्वादशांगी का विवरण भी आयार-चूला की रचना का उत्तरवर्ती है। प्रारम्भ में आचारांग के दो स्कन्ध नही थे। आचार्य भद्रबाहु ने आयार-चूला की रचना की, उसके पश्चात् दो स्कन्धो की व्यवस्था की गई। मूलभूत प्रथम अंग का नाम आचारांग अथवा 'ब्रह्मचर्याध्ययन' है। समवायांग में इसके अध्ययनो को 'नव ब्रह्मचर्य' कहा गया है।[2] आचारांग निर्युक्ति में इसे 'नव ब्रह्मचर्याध्ययनात्मक' कहा गया है।[3] द्वितीय श्रुतस्कन्ध के दो नाम है—आयारग्ग (आचाराग्र) और आयार-चूला (आचार-चूला)।

निर्युक्तिकार ने आचारांग के दस पर्यायवाची नाम बतलाए है—

(१) आयार— यह आचरणीय का प्रतिपादक है, इसलिए आचार है।

(२) आचाल— यह निविड बंधन को आचालित करता है, इसलिए आचाल है।

(३) आगाल— यह चेतना को सम धरातल में अवस्थित करता है, इसलिए आगाल है।

(४) आगर— यह आत्मिक-शुद्धि के रत्नो का उत्पादक है, इसलिए आगर है।

(५) आसास— यह संत्रस्त चेतना को आश्वासन देने मे क्षम है, इसलिए आश्वास है।

(६) आयरिस— इसमे 'इति कर्त्तव्यता' देखी जा सकती है, इसलिए यह आदर्श है।

(७) अङ्ग— यह अन्तस्तल मे स्थित अहिंसा आदि को व्यक्त करता है, इसलिए अङ्ग है।

(८) आइण्ण— इसमे आचीर्ण-धर्म का भी प्रतिपादन है, इसलिए यह आचीर्ण है।

---

१ समवायांग, प्रकीर्णक समवाय, सूत्र ८९
दो सुयक्खधा।

२. वही, समवाय ९, सूत्र ३
णव बंभचेर पण्णत्ता।

३ आचारांग निर्युक्ति, गाथा ११ ·
णव बंभचेर मइओ।

(९) आजाइ— इससे ज्ञान आदि आचारों की प्रसूति होती है, इसलिए आजाति है।
(१०) आमोक्ख[1]— यह बंधन-मुक्ति का साधन है, इसलिए आमोक्ष है।

## ७-मुख्य-विभाग

आचारांग के नौ अध्ययन हैं। समवायांग[2] और आचारांग निर्युक्ति[3] में इन अध्ययनों के जो नाम प्राप्त होते हैं, उनमें थोड़ा भेद है—

| समवायांग | आचारांग निर्युक्ति |
|---|---|
| सत्थपरिण्णा | सत्थपरिण्णा |
| लोगविजय | लोगविजय |
| सीओसणिज्ज | सीओसणिज्ज |
| सम्मत्त | सम्मत्त |
| आवंती | लोगसार |
| धुत | धुय |
| विमोहायण | महापरिण्णा |
| उवहाणसुय | विमोक्ख |
| महपरिण्णा | उवहाणसुय |

इनमें नाम-भेद और क्रम-भेद दोनों हैं। पाँचवें अध्ययन का मूल नाम 'लोगसार' ही है। आवंती नाम आदि-पद के कारण हुआ है। अनुयोगद्वार में यह उदाहरण रूप में उल्लिखित है।[4] निर्युक्तिकार ने भी आवंती को आदान-पद नाम और लोकसार को गौण नाम माना है।[5]

---

१. आचारांग निर्युक्ति, गाथा ७ :
आयारो आचालो, आगालो आगरो य आसासो।
आयरिसो अंगंति य, आईण्णाऽऽजाइ आमोक्खा॥
२. समवायांग, समवाय ९, सू० ३।
३. आचारांग निर्युक्ति, गाथा ३१-३२।
४. अनुयोगद्वार, सू० १३० : (वृत्ति पत्र १३०) :
से किं तं आयाण पएणं ? (धम्मो मंगलं, चूलिया) आवंती'। तत्र आवंतीत्याचारस्य पंचमाध्ययनं, तत्र ह्यादावेव—'आवन्ती केयावन्ती'त्यालापको विद्यत इत्यादानपदेनैतन्नाम।
५. आचारांग निर्युक्ति, गाथा २३८ :
आयाणपएणावंति, गोण्णनामेण लोगसारत्ति।

## ८-आयार-चूला

आचारांग के साथ पाँच चूलाएँ जुडी हुई है।[1] उनमे से प्रथम चार चूलाओ की द्वितीय श्रुतस्कन्ध के रूप में स्थापना की गई है। पाँचवी चूला 'निशीथाध्ययन' की स्थापना स्वतंत्र रूप से की गई है। द्वितीय श्रुतस्कंध के प्रथम सात अध्ययन—यह प्रथम चूला है। सात सप्तैकक—द्वितीय चूला है। भावना—तृतीय चूला है। विमुक्ति—चतुर्थ चूला है।[2] इस प्रकार चार चूलाओ के सोलह अध्ययन है। उनके नाम इस प्रकार हैं—

| समवायांग[3] | आचारांग निर्युक्ति[4] |
|---|---|
| (१) पिण्डेषणा | पिण्डेसणा |
| (२) सिज्जा | सेज्जा |
| (३) इरिया | इरिया |
| (४) भासज्झयण | भासाजात |
| (५) वत्थेसणा | वत्थेसणा |
| (६) पायेसणा | पायेसणा |
| (७) ओग्गहपडिमा | ओग्गहपडिमा |
| सत्तिक्कसत्तय | सत्तिक्कग सत्त |
| (८) ठाण सत्तिक्कग | |
| (९) निसीहिया सत्तिक्कग | |
| (१०) उच्चारपासवण सत्तिक्कग | |
| (११) सद्द सत्तिक्कग | |
| (१२) रुव सत्तिक्कग | |
| (१३) परकिरिया सत्तिक्कग | |
| (१४) अन्नमन्नकिरिया सत्तिक्कग | |

---

१. आचाराग निर्युक्ति, गाथा ११ :
हवइ य सपचचूलो।

२. वही, गाथा २९७ :
जावोग्गहपडिमाओ, पढमा सत्तिक्कगा बिइअ चूला।
भावण विमुत्ति आयारपकप्पा तिन्नि इअ पंच॥

३ समवायांग समवाय २५, सूत्र ५।

४. आचाराग निर्युक्ति, गाथा २८८-२९०।

(१५) भावणा भावणा
(१६) विमुत्ती विमुत्ती

दोनों श्रुतस्कन्धों के अध्ययनों की संयुक्त संख्या पच्चीस होती है।[1]

## ९-अवान्तर-विभाग

समवायांग में आचारांग के ८५ उद्देशन-काल बतलाए गए हैं।[2] एक अध्ययन का उद्देशन-काल एक होता है, वैसे ही एक उद्देशक का भी उद्देशन-काल एक ही होता है। उद्देशक अध्ययन का अवान्तर-विभाग होता है। आचार और आचार-चूला दोनों के उद्देशकों की संख्या इस प्रकार है—

| अध्ययन | उद्देशक | अध्ययन | उद्देशक |
|---|---|---|---|
| १ | ७ | ९ | ४ |
| २ | ६ | १० | १ |
| ३ | ४ | ११ | ३ |
| ४ | ४ | १२ | ३ |
| ५ | ६ | १३ | २ |
| ६ | ५ | १४ | २ |
| ७ | ७ | १५ | २ |
| ८ | ८ | १६ | २ |

अंतिम नौ अध्ययनों में उद्देशक नहीं है। इस प्रकार पच्चीस में से सोलह अध्ययनों के ७६ उद्देशक होते हैं।

## १०-पद-परिमाण और वर्तमान आकार

आचारांग निर्युक्ति के अनुसार आचारांग की पद-संख्या अट्ठारह हजार है। समवायांग तथा नन्दी में आचारांग के दो श्रुतस्कन्ध बतला कर फिर अट्ठारह हजार पदों की संख्या बतलाई गई है। किन्तु यह पद-संख्या नव ब्रह्मचर्य अध्ययनों की है। निर्युक्तिकार ने इसका स्पष्ट उल्लेख किया है।[3]

---

१. समवायांग, समवाय २५, सू० ५ :
आयारस्स णं भगवओ सचूलिआयरस पणवीसं अज्झयणा पण्णत्ता।

२. वही, प्रकीर्णक समवाय, सू० ८९।

३. आचारांग निर्युक्ति, गाथा ११ :
णववम्भचेरमइओ, अट्ठारसपयसहस्सिओ वेओ।

अभयदेव सूरि ने समवायांग के संश्लिष्ट पाठ का विश्लेषण किया है। उन्होंने लिखा है—"दो श्रुतस्कन्ध है, यह आचार-चूला सहित आचार का प्रतिपादन है। उसके अट्टारह हजार पद है। यह पद परिमाण केवल नव ब्रह्मचर्याध्ययनात्मक आचार का है।"[1] सम्प्रति उपलब्ध आचाराग मे अट्ठारह हजार पद प्राप्त नहीं है। परम्परा से ऐसा माना जाता है कि रचना-काल में आचाराग का पद-परिमाण इतना था, किन्तु काल-क्रम से उसके ग्रन्थभाग का विच्छेद हो गया, इसलिए वर्तमान मे पद-परिमाण भी कम हो गया है। दिगम्बर-परम्परा के अनुसार नक्षत्राचार्य, जयपाल, पाण्डुस्वामी, ध्रुवसेन और कंसाचार्य—ये पाँच आचार्य एकादशागधर और चौदह पूर्वों के एक देश के धारक हुए है। सुभद्र, यशोभद्र, यशोबाहु और लोहार्य—ये चार आचार्य आचाराग के धारक तथा शेष अंगो और पूर्वों के एक देश के धारक हुए है।[2] इनके पश्चात् अर्थात् वीर-निर्वाण ६८३ के पश्चात् आचारांगधर का विच्छेद हो गया। फलतः आचाराग का विच्छेद हो गया। आचाराग का विच्छेद मान लेने पर भी इस तथ्य की स्वीकृति की गई है कि उत्तरवर्ती आचार्य सभी अंगों और पूर्वों के एक देश (अवशिष्ट-भाग) के धारक हुए हैं।[3]

श्वेताम्बर-परम्परा मे भी विष्णु मुनि के देहावसान के साथ आचाराग का विच्छेद माना गया है।[4] तित्थोगाली मे भी आगम-विच्छेद की चर्चा प्राप्त है। उसके अनुसार आचाराग का विच्छेद वीर-निर्वाण २३०० (ई० १७७३) में बताया गया है। इन परम्पराओं से इतना ही साराश प्राप्त किया जा सकता है कि आचाराग निर्माण-काल मे जितना था, उतना आज नहीं है तथा वह सर्वथा विच्छिन्न भी नहीं। उसका कुछ विच्छेद आचारागधर आचार्यों के अभाव मे हुआ है तथा कुछ विच्छेद विस्मृतिवश व प्रतियों के प्रामाणिक सस्करणो के नष्ट होने से भी हुआ है। इतना सुनिश्चित है कि शीलाक सूरि (अस्तित्व-काल ई० ८वीं शती) को आचाराग का जो अश प्राप्त था, उसका विच्छेद नहीं हुआ है। अत. तित्थोगाली का विवरण प्रामाणिक नहीं लगता।

---

१ समवायाग वृत्ति, पत्र १०१

यद् द्वौ श्रुतस्कन्धावित्यादि तदाचारस्य प्रमाण भणितं, यत् पुनरष्टादश पदसहस्राणि तन्नवब्रह्मचर्याध्ययनात्मकस्य प्रथमश्रुतस्कन्धस्य प्रमाणम्।

२ धवला (षट्खण्डागम) भाग १, पृ० ६६।

३ वही, भाग १, पृ० ६७:

तदो सव्वेसि मग पुव्वाण मेग-देसो आइरिय-परपराए आगच्छमाणो धरसेणाइरियं सपत्तो।

४. अभिधान राजेन्द्र, भाग २, पृ० ३४६।

आचारांग का 'महापरिज्ञा' अध्ययन विच्छिन्न हो चुका है—यह श्वेताम्बर-आचार्यों का अभिमत है। उस अध्ययन का विच्छेद वज्रस्वामी (वि० पहली शताब्दी) के पश्चात् तथा शीलांक सूरि (वि० आठवीं शताब्दी) से पर्व हुआ है। वज्रस्वामी ने महापरिज्ञा अध्ययन से गगनगामिनी-विद्या उद्धृत की थी।[1] इससे स्पष्ट है कि उनके समय में वह अध्ययन प्राप्त था। शीलाक सूरि ने उसके विच्छेद होने का उल्लेख किया है।[2] निर्युक्तिकार ने महापरिज्ञा अध्ययन के विषय का उल्लेख किया है[3] तथा उसकी निर्युक्ति भी की है।[4] इससे लगता है कि चर्चित अध्ययन उनके सामने था। चूर्णिकार के सामने भी महापरिज्ञा अध्ययन रहा है। उन्होंने वृत्तिकार शीलांक सूरि की तरह इसके विच्छेद होने का उल्लेख नही किया है। उन्होंने चर्चित अध्ययन के असमनुज्ञात होने का उल्लेख किया है।[5]

यह अध्ययन असमानुज्ञात क्यों और कब हुआ, इसकी चूर्णिकार ने कोई चर्चा नही की है। एक अनुश्रुति यह है कि 'महापरिज्ञा' अध्ययन में अनेक मंत्र और विद्याओं का वर्णन था। काल-लब्धि के संदर्भ में उसे पढ़ाने का परिणाम अच्छा नही लगा। इसलिए तात्कालिक आचार्यों ने उसे असमनुज्ञात ठहरा दिया—उसका पढ़ना-पढ़ाना निषिद्ध कर दिया। किन्तु निर्युक्तकार के संदर्भ में हम इस विषय पर विचार करते है तो उक्त अनुश्रुति का उससे समर्थन नही होता। निर्युक्तिकार के अनुसार आचार-चूला के सात अध्ययन (सप्तैकक) महापरिज्ञा के सात उद्देशकों से

---

१ (क) आवश्यकनिर्युक्ति, गाथा ७६६, मलयगिरि वृत्ति, पत्र ३९० :
जेणुद्धरिया विज्जा, आगासगमा महापरिन्नाओ।
वदामि अज्जवइरं, अपच्छिमो जो सुयधराण॥
(ख) प्रभावक चरित, वज्रप्रबन्ध, श्लोक १४८ :
महापरिज्ञाध्ययनाद्, आचारागान्तरस्थितात्।
श्री वज्रेणोद्धृता विद्या, तदा गगनगामिनी॥

२. आचारांग वृत्ति, पत्र २३५ :
अधुना सप्तमाध्ययनस्य महापरिज्ञाख्यस्यावसर, तच्च व्यवच्छिन्नमितिकृत्वाऽति-लङ्घ्याष्टमस्य सम्बन्धो वाच्यः।

३. वही, निर्युक्ति, गाथा ३४।

४. वही, निर्युक्ति, गाथा २५२-२५८ :
देखिए—आचाराग वृत्ति, द्वितीय श्रुतस्कन्ध का अतिम पत्र।

५. वही, चूर्णि, पृ० २४४ :
महापरिण्णा ण पढिज्जइ असमणुण्णाया।

निर्यूढ़ किए गए है।[1] इस उल्लेख के आधार पर सहज ही अनुमान किया जा सकता है कि जो विषय महापरिज्ञा से उद्धृत सात अध्ययनो (सप्तैकको) में है, वही विषय महापरिज्ञा अध्ययन में रहा है। ऐसी संभावना भी की जा सकती है कि महापरिज्ञा से उद्धत सात अध्ययनो के प्रचलन के बाद उसकी आवश्यकता न रही हो, फलतः वह असमनुज्ञात हो गया हो और क्रमशः विच्छिन्न हो गया हो। अभी तक हमें अनुश्रुति और अनुमान के अतिरिक्त प्रस्तुत अध्ययन के विच्छेद का पुष्ट प्रमाण प्राप्त नही है।

## ११-विषय-वस्तु

समवायांग और नन्दी में आचाराग का विवरण प्रस्तुत किया गया है। उसके अनुसार प्रस्तुत सूत्र आचार, गोचर, विनय, वैनयिक (विनय-फल), स्थान (उत्थितासन, निषण्णासन और शयितासन), गमन, चंक्रमण, भोजन आदि की मात्रा, स्वाध्याय आदि में योग-नियुजन, भाषा, समिति, गुप्ति, शय्या, उपधि, भक्त-पान, उद्गम-उत्थान, एषणा आदि की विशुद्धि, शुद्धाशुद्ध-ग्रहण का विवेक, व्रत, नियम, तप, उपधान आदि का प्रतिपादक है।[2]

आचार्य उमास्वाति ने आचारांग के प्रत्येक अध्ययन का विषय संक्षेप में प्रतिपादित किया है। वह क्रमशः इस प्रकार है[3]—

(१) षड्जीवकाय यतना
(२) लौकिक संतान का गौरव-त्याग
(३) शीत-ऊष्ण आदि परीषहो पर विजय
(४) अप्रकम्पनीय-सम्यक्त्व
(५) संसार से उद्वेग
(६) कर्मों को क्षीण करने का उपाय
(७) वैयावृत्त्य का उद्योग
(८) तपस्या की विधि
(९) स्त्री-संग-त्याग
(१०) विधि-पूर्वक भिक्षा का ग्रहण
(११) स्त्री, पशु, क्लीव आदि से रहित शय्या

---

१. आचाराग निर्युक्ति, गाथा २९० .
सत्तिक्कगाणि सत्तवि, निज्जूढाइं महापरिन्नाओ।
२. (क) समवायाग, प्रकीर्णक समवाय, सू० ८९।
(ख) नदी, सू० ८०।
३. प्रशमरति प्रकरण, ११४-११७।

(१२) गति-शुद्धि
(१३) भाषा-शुद्धि
(१४) वस्त्र की एषणा-पद्धति
(१५) पात्र की एषणा-पद्धति
(१६) अवग्रह-शुद्धि
(१७) स्थान-शुद्धि
(१८) निषद्या-शुद्धि
(१९) व्युत्सर्ग-शुद्धि
(२०) शब्दासक्ति-परित्याग
(२१) रूपासक्ति-परित्याग
(२२) परक्रिया-वर्जन
(२३) अन्योन्यक्रिया-वर्जन
(२४) पंच महाव्रतो की दृढ़ता
(२५) सर्वसगो से विमुक्तता

निर्युक्तिकार ने नव ब्रह्मचर्य अध्ययनो के विषय इस प्रकार बतलाए है—

| | |
|---|---|
| (१) सत्थ परिण्णा— | जीव संयम। |
| (२) लोग विजय— | बंध और मुक्ति का प्रबोध। |
| (३) सीओसणिज्ज— | सुख-दुःख-तितिक्षा। |
| (४) सम्मत्त— | सम्यक्-दृष्टिकोण। |
| (५) लोगसार— | असार का परित्याग और लोक मे सारभूत रत्नत्रयी की आराधना। |
| (६) धुय— | अनासक्ति। |
| (७) महापरिण्णा— | मोह से उत्पन्न परीषहो और उपसर्गों का सम्यक् सहन। |
| (८) विमोक्ख— | निर्याण (अंतक्रिया) की सम्यक्-अराधना। |
| (९) उवहाणसुय— | भगवान् महावीर द्वारा आचरित आचार का प्रतिपादन।[1] |

---

१. आचाराग निर्युक्ति, गाथा ३३-३४ :
जिअसंजमो अ लोगो जह बज्झइ जह य तं पजहियव्वं।
सुहदुक्खतितिक्खाविय सम्मत्त लोगसारो य॥
निस्संगया य छट्ठे मोहसमुत्था परीसहुवसग्गा।
निज्जाणं अट्ठमए नवमे य जिणेण एवति॥

आचार्य अकलङ्क के अनुसार आचारांग का समग्र विषय चर्या-विधान[1] तथा अपराजित सूरि के अनुसार रत्नत्रयी के आचरण का प्रतिपादन है।[2]

जैन-परम्परा मे 'आचार' शब्द व्यापक अर्थ में व्यवहृत होता है। आचारांग की व्याख्या के प्रसंग में आचार के पाँच प्रकार बतलाए गए हैं—(१) ज्ञानाचार, (२) दर्शनाचार, (३) चरित्राचार, (४) तपाचार और (५) वीर्याचार।[3] प्रस्तुत सूत्र मे इन पाँचों आचारों का निरूपण है।

## दार्शनिक-तथ्य

तत्त्व-दर्शन की दृष्टि से आचारांग एक महत्त्वपूर्ण आगम है। आचार्य सिद्धसेन ने जैन-दर्शन के मूलभूत छह सत्य गिनाए हैं—

(१) आत्मा है। (४) भोक्ता है।
(२) वह अविनाशी है। (५) निर्वाण है।
(३) कर्त्ता है। (६) निर्वाण के उपाय हैं।[4]

इनका आचारांग में पूर्ण विस्तार मिलता है। 'आत्मा है'—यह पहला सत्य है। आचारांग का प्रारम्भ इसी सत्य की व्याख्या से हुआ है।[5] इसी व्याख्या के साथ आत्मा के अविनाशित्व का उल्लेख हुआ है।[6] 'पुरुष तू ही तेरा मित्र है'[7], 'यह शल्य तू ने ही किया है'[8]—ये वाक्य आत्मा के कर्तृत्व के उद्‌बोधक हैं। 'अनुसंवेदन' का प्रयोग हुआ है।[9] यह क्रिया की प्रतिक्रिया (भोक्तृत्व) का सूचक

१ तत्त्वार्थ राजवार्तिक, १।२० :
आचारे चर्याविधानं शुद्ध्यष्टकपचसमितित्रिगुप्तिविकल्प कथ्यते।

२. मूलाराधना, आश्वास २, श्लोक १३०, विजयोदया :
रत्नत्रयाचरणनिरूपणपरतया प्रथमभगमाचारं शब्देनोच्यते।

३ समवायाग, प्रकीर्णक समवाय, सूत्र ८९
से समासओ पचविहे प० तं० णाणायारे दसणायारे चरित्तायारे तवायारे विरियायारे।

४. सम्मति प्रकरण, ३।५५
अत्थि अविणास-धम्मी, करेइ वेएइ अत्थि निव्वाणं।
अत्थि य मोक्खोवाओ, छ सम्मत्तस्स ठाणाइं॥

५ आचाराग, १।२।

६ वही, १।४।

७. वही, ३।६२
पुरिसा! तुममेव तुम मित्तं।

८ वही, २।८७
तुम चेव त सल्लमाहट्टु।

९ वही, ५।१०३।

है। आचारांग में निर्वाण को 'अनन्य-परम' कहा गया है। वहाँ सब उपाधियाँ समाप्त हो जाती हैं, इसलिए उससे अन्य कोई परम नहीं है। निर्वाण के उपायभूत सम्यग्-दर्शन, सम्यग्-ज्ञान और सम्यग्-चारित्र का स्थान-स्थान पर प्रतिपादन हुआ है। इन दृष्टियो से आचारांग को जैन-दर्शन का आधारभूत ग्रन्थ कहा जा सकता है।

## श्रद्धा और स्वतंत्र-दृष्टि

आचारांग श्रद्धा का समुद्र है। 'सिड्ढी आणाए मेहावी'[1], 'आणाए मामगं धम्मं'[2] आदि वाक्यो में अपने आराध्य के प्रति आत्मार्पण की भावना प्रस्फुटित होती है। आचारांग की श्रद्धा में स्वतंत्र-दृष्टिकोण का स्थान असुरक्षित नही है। सत्य की उपलब्धि के तीन साधन बतलाए गए हैं—

१—सहसम्मति,

२—परव्याकरण और

३—श्रुतानुश्रुत[3]।

इन तीन साधनो मे पहला साधन है—अपनी बुद्धि के द्वारा सत्य का अवबोध करना। 'मइमं पास'[4]—इस शब्द का प्रयोग भी दृष्टि की स्वतंत्रता को अवकाश देता है। वृत्तिकार ने इसका अर्थ किया है 'न केवलं अहमेव कथयामि त्वमेव पश्य'—केवल मैं ही नही करता हूँ, तू स्वयं भी देख। इस प्रकार आचारांग में श्रद्धा और स्वतंत्र-दृष्टि का सुन्दर संगम हुआ है। केवल श्रद्धा और केवल स्वतंत्र-दृष्टि—ये दोनो अतियाँ हैं। इनसे अच्छे परिणाम की उपलब्धि नही हो सकती। श्रद्धा और स्वतंत्र-दृष्टि का समन्वय ही सत्य-संधान का समुचित मार्ग है।

## कषोपल

आचारांग सबसे प्राचीन सूत्र है, इसलिए यह उत्तरवर्ती सूत्रो के लिए 'कषोपल' के समान है। इसमे वर्णित आचार मूलभूत हैं। वे भगवान् महावीर के मौलिक आचार के सर्वाधिक निकट हैं। उत्तरवर्ती सूत्रो में वर्णित आचार उसका परिवर्धन या विकास है। आचारांग-चूला में भी आचार का परिवर्धन या विकास हुआ है। जो तथ्य मूल आचारांग में नही हैं, वे आचार-चूला में प्राप्त होते हैं, तब सहज ही प्रश्न खड़ा

---

१. आचारांग, ३।८०।

२. वही, ६।४८।

३. वही, १।३:
सह-सम्मइयाए, पर-वागरणेण, अण्णेसि वा अंतिए सोच्चा।

४. वही, ३।१२।

होता है कि उनका आधार क्या है? दो शताब्दी से पूर्ववर्ती साहित्य में जो तथ्य नहीं है, वे दो शताब्दी बाद लिखे गए साहित्य में कहाँ से आए? इसका समाधान देने के लिए हमारे पास पर्याप्त साधन सामग्री नहीं है, फिर भी इस विषय में इतना कहा जा सकता है कि सामयिक परिस्थितियों को ध्यान में रख कर वर्तमान आचार्यों ने उत्सर्ग और अपवाद के सिद्धान्त की स्थापना और उसके आधार पर विधि-विधानों का निर्माण किया था। आचार-चूला उसी शृङ्खला की प्रथम कड़ी है। जैन-आचार की समीक्षा करते समय इस तथ्य की विस्मृति नहीं होनी चाहिए कि आचारांग में वर्णित आचार मौलिक है और महावीर-कालीन है तथा जो आचार आचारांग में वर्णित नहीं है, वह उत्तरवर्ती है तथा उसकी प्रारम्भ-तिथि अन्वेषणीय है।

## समसामयिक विचार

आचारांग में वैदिक, औपनिषदिक और बौद्ध विचारधाराओं के संदर्भ में अनेक तथ्यों का प्रतिपादन हुआ है। वैदिक-साधना को हम अरण्य-साधना कह सकते हैं। वैदिक-धारणा के अनुसार धर्म की साधना के लिए मनुष्य को अरण्य में रहना आवश्यक है। वैदिक ऋषि तत्त्वचिन्ता के लिए भी अरण्य में रहते थे। आरण्यक-साहित्य उसी अरण्यवास की निष्पत्ति है। भगवान् महावीर ने अरण्यवास की अनिवार्यता मान्य नहीं की। उन्होंने कहा—"साधना गाँव में भी हो सकती है और अरण्य में भी हो सकती है।"[1]

"धर्म का उपदेश जैसे बड़े लोगों को दिया जा सकता है, वैसे ही छोटे लोगों को दिया जा सकता है।"[2] उच्च-वर्ग को ही धर्म सुनने का अधिकार है, शूद्र को धर्म सुनने का अधिकार नहीं है, इस सिद्धान्त के प्रतिवाद में ही भगवान् महावीर ने उक्त विचार का प्रतिपादन किया था।

"न कोई व्यक्ति हीन है और न कोई व्यक्ति उच्च है"[3]—इस विचार का प्रतिपादन जातिवाद के विरुद्ध किया गया था।

इस प्रकार उपनिषद्, गीता और बौद्ध-साहित्य के संदर्भ में आचारांग का तुलनात्मक अध्ययन करने पर विचारधारा के अनेक मौलिक स्रोत हमें प्राप्त हो सकते हैं।

---

१. आचारांग, ८।१४

गामे वा अदुवा रण्णे, 'धम्ममायाणह—पवेदितं माहणेण मईमया।

२. वही, २।१७४

जहा पुण्णस्स कत्थइ, तहा तुच्छस्स कत्थइ।
जहा तुच्छस्स कत्थइ, तहा पुण्णस्स कत्थइ॥

३. वही, २।४९

णो हीणे, णो अइरित्ते।

# १२–रचनाकार और रचना-काल

परम्परा से यह जाना जाता है कि आचारांग की रचना गणधर सुधर्मा स्वामी ने की और तीर्थ-प्रवर्तन के समय में ही की। ऐतिहासिक तथा भाषाशास्त्रीय दृष्टि से विचार करने पर भी ऐसा प्रतीत होता है कि आचारांग उपलब्ध आगमों में सबसे प्राचीन है। इसकी रचना-शैली अन्य आगमों से भिन्न है। डॉ० हर्मन जेकोबी ने इसकी तुलना ब्राह्मण सूत्रों की शैली से की है। उनके अनुसार ब्राह्मण सूत्रों के वाक्य परस्पर सम्बन्धित है, किन्तु आचारांग के वाक्य परस्पर सम्बन्धित नही है। उन्होंने लिखा है—"आचारांग के वाक्य उस समय के प्रसिद्ध धार्मिक-ग्रन्थों से उद्धृत किए गए है, ऐसा लगता है। मेरा यह अनुमान गद्य के मध्य आने वाले पद्यों या पदों के संदर्भ में पूर्ण सत्य है। क्योंकि इन पद्यों या पदों की सूत्रकृतांग, उत्तराध्ययन तथा दशवैकालिक के पदों से तुलना होती है।"[१]

डॉ० जेकोबी का अभिमत निराधार नहीं है। द्वादशांगी पूर्वों से निर्यूढ है तथा दशवैकालिक का निर्यूहण भी पूर्वों से किया गया है। इसलिए बहुत संभव है कि इन सबके समान पदों का निर्यूहण-स्थल एक है।

आचारांग के वाक्य परस्पर सम्बन्धित नहीं है, इस अभिमत में आंशिक सच्चाई भी है और वह इसलिए है कि वर्तमान में आचारांग का खण्डित रूप प्राप्त है। अखण्ड रूप में जो सम्बन्ध-शृङ्खला प्राप्त हो सकती है, वह खण्डित रूप में नहीं हो सकती।

इसका तीसरा कारण व्याख्या-पद्धति का भेद भी है। आगम-साहित्य के व्याख्यान की दो पद्धतियाँ हैं—

(१) छिन्नच्छेदनयिक और

(२) अच्छिन्नच्छेदनयिक।

प्रथम पद्धति के अनुसार प्रत्येक वाक्य तथा श्लोक अपने आपमें परिपूर्ण होता है। पूर्व या अग्रिम वाक्य तथा श्लोक से उसकी सम्बन्ध-योजना नहीं की जाती।

---

१ *The Sacred Books of the East, Vol. XXII, Introduction, Page 48:* They do not read like a logical discussion, but like a Sermon made up by quotations from some then well-known sacred books. In fact the fragments of verses and whole verses which are liberally interspersed in the prose texts go far to prove the correctness of my conjecture; for many of these '*disjecta membra*' are very similar to verses or Pādas of verses occuring in the Sūtrakritānga, Uttarādhyayana and Dasavaikālika Sutras.

द्वितीय पद्धति के अनुसार प्रत्येक वाक्य तथा श्लोक की पूर्व या अग्रिम वाक्य तथा श्लोक के साथ सम्बन्ध-योजना की जाती है।

आचाराग की व्याख्या छिन्नच्छेदनयिक-पद्धति से करने पर वाक्यों की विसम्बद्धता प्रतीत होती है। यदि अच्छिन्नच्छेदनयिक-पद्धति से उसकी व्याख्या की जाए तो उसमें सर्वत्र विसम्बद्धता प्रतीत नही होगी।

आचार-चूला की रचना-शैली आचारांग से सर्वथा भिन्न है। उसकी रचना भी आचाराग के उत्तर-काल में हुई है। निर्युक्तिकार ने आचार-चूला को स्थविर-कर्तृक माना है।[1] चूर्णिकार ने स्थविर का अर्थ 'गणधर'[2] और वृत्तिकार ने 'चतुर्दश पूर्ववित्'[3] किया है। इन सब में स्थविर का नाम उल्लिखित नही है। अन्यत्र उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर यहाँ 'स्थविर' शब्द चतुर्दशपूर्वी भद्रबाहु के लिए प्रयुक्त हुआ जान पड़ता है। इसकी चर्चा 'दशवैकालिक : एक समीक्षात्मक अध्ययन' (पृष्ठ ५३-५७) में की जा चुकी है।

आचाराग का गूढ़ अर्थ आचाराग्र (आचार-चूला) मे स्पष्ट हो जाए, इस दृष्टि से भद्रबाहु स्वामी ने आचारांग का अर्थ 'आचाराग्र में प्रविभक्त' किया। निर्युक्तिकार ने पाँचो चूलाओं के निर्यूहण-स्थलों का निर्देश किया है।[4]

---

१ आचाराग निर्युक्ति, गाथा २८७
थेरेहिऽणुग्गहट्ठा, सीसहिअं होउ पागडत्थं च।
आयाराओ अत्थो, आयारग्गेसु पविभत्तो॥

२ आचाराग चूर्णि, पृ० ३२६
थेरा गणधरा।

३ आचाराग वृत्ति, पत्र २९०
'स्थविरै' श्रुतवृद्धैश्चतुर्दशपूर्वविद्भिः।

४ आचाराग निर्युक्ति, गाथा २८८-२९१
बिइअस्स य पंचमए अट्ठमगस्स बिइयंमि उद्देसे।
भणिओ पिंडो सिज्जा, वत्थं पाउग्गहो चेव॥
पंचमगस्स चउत्थे इरिया, वण्णिज्जई समासेणं।
छट्ठस्स य पंचमए, भासज्जायं वियाणाहि॥
सत्तिक्कगाणि सत्तवि, निज्जूढाइं महापरिन्नाओ।
सत्थपरिन्ना भावण, निज्जूढाओ धुयविमुत्ती॥
आयारपकप्पो पुण, पच्चक्खाणस्स तइयवत्थूओ।
आयारनामधिज्जा, वीसइमा पाहुडच्छेया॥

| निर्यूहण-स्थल : आचारांग | | निर्यूढ-अध्ययन : अचार-चूला |
|---|---|---|
| अध्ययन | उद्देशक | अध्ययन |
| २ | ५ | १, २, ५, ६, ७ |
| ८ | २ | १, २, ५, ६, ७ |
| ५ | ४ | ३ |
| ६ | ५ | ४ |
| ७ | १-७ | ८-१४ |
| १ | | १५ |
| ६ | २-४ | १६ |
| प्रत्याख्यान पूर्व के तृतीय वस्तु का आचार नामक वीसवाँ प्राभृत | | आचार-प्रकल्प—निशीथ |

निर्युक्तिकार ने केवल निर्यूहण-स्थल के अध्ययनों और उद्देशको का निर्देश किया है। चूर्णिकार और वृत्तिकार ने कही-कही उनके सूत्रों का भी निर्देश किया है।

चूर्णि के अनुसार आचार-चूला के १, २, ५, ६ और ७ अध्ययनो के निर्यूहण-सूत्र ये है—

१—जमिणं विरूवरूवेहिं सत्थेहि लोगस्स कम्मसमारंभा कज्जंति तजहा—अप्पणो से पुत्ताणं धूयाणं······

(अध्ययन २, उ० ५, सू० १०४, पृ० ३३)।

सव्वामगंधं वा परिण्णाय

(अ० २, उ० ५, सू० १०८, पृ० ३३)।

वत्थं पडिग्गहं कंबलं पायपुछणं उग्गहं च कडासणं

(अ० २, उ० ५, सू० ११२, पृ० ३३)।

त भिक्खुं उवसंकमित्तु गाहावई बूया—आवसंतो! समणा अहं खलु तव अट्ठाए असणं वा (४) वत्थं वा पडिग्गहं वा कंबलं वा पायपुछणं वा पाणाइं भूयाइं जीवाइं सत्ताइं समारब्भ समुद्दिस्स कीयं पामिच्चं आच्छेज्जं अणिसट्ठं अभिहडं आहट्टु चेतेमि आवसहं वा समुस्सिणोमि

(अ० ८, उ० २, सू० २१, पृ० ८०-८१)।

वृत्तिकार के अनुसार—

सव्वामगंधं परिण्णाय णिरामगंधो परिव्वए अदिस्समाणे कय-विक्कएसु

(अ० २, उ० ५, सू० १०८, पृ० ३३)।

भिक्खु परक्कमेज्जा चिट्ठेज्ज वा निसीएज्ज वा तुयट्टिज्ज वा सुमाणंसि वा······(यावद् वहिया विहरिज्जा)[1] तं भिक्खु उवसंकमित्तु गाहावती बूया—आउसंतो समणा ! अहं खलु तव अट्ठाए असणं वा पाणं वा खाइमं वा साइमं वा वत्थं वा पडिग्गहं वा कंवलं वा पायपुछणं वा पाणाइं भूयाइं जीवाइं सत्ताइ समारब्भ समुद्दिस्स कीय पामिच्चं—

(अ०८,उ०२,सू०२१,पृ०८०-८१) ।

वत्थं पडिग्गहं कंवलं पायपुंछणं उग्गहं च कडासणं

(अ०२उ०५,सू०११२,पृ०३३) ।

चूर्णि के अनुसार आयार-चूला के तीसरे अध्ययन के निर्यूहण-सूत्र ये हैं—

२—गामाणुगामं दूइज्ज माणस्स—

(अ०५,उ० ४, सू०६२, पृ०५६) ।

तद्दिट्ठीए···· ··

(अ०५,उ०४,सू०६८,पृ०६०) ।

···पलीवाहरे पासिय पाणे गच्छेज्जा—

(अ०५,उ०४,सू०६९,पृ०६०) ।

से अभिक्कममाणे······

(अ०५,उ०४,सू०७०,पृ०६०) ।

वृत्तिकार के अनुसार—

गामाणुगामं दूइज्जमाणस्स दुज्जातं दुप्परक्कंत—

(अ०५,उ०४,सूत्र६२,पृ०५६) ।

चूर्णि के अनुसार आयार-चूला के चौथे अध्ययन के निर्यूहण-सूत्र यह है—

३—पाईणं पडीणं दाहिणं उदीणं आइक्खे विभए किट्टे—

(अ०६,उ०५,सूत्र१०१,पृ०७५) ।

वृत्ति के अनुसार—

'आइक्खे विभए किट्टे वेयवी'[2]—

(अ०६,उ०५,सू०१०१,पृ०७५) ।

निर्युक्ति, चूर्णि और वृत्ति मे प्राप्त निर्देशों के अध्ययन से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि आचार-चूला आचारांग से उद्धृत नही है, किन्तु आचारांग के संक्षिप्त

१. यह वृत्तिगत पाठ है तथा अग्रिम पंक्तियों में भी वृत्तिगत पाठ कुछ भिन्न है ।
२. वृत्ति मे पाठ इस प्रकार है—आइक्खइ विहयइ किट्टइ धम्मकामी ।

पाठ का विस्तार है। निर्युक्तिकार ने इस ओर संकेत भी किया है।[1] आचाराग्र (आचार-चूला) मे जो 'अग्र' शब्द है, वह यहाँ 'उपकाराग्र' के अर्थ में प्रकृत है। चूर्णिकार ने उपकाराग्र का अर्थ किया है 'पूर्वोक्त का विस्तार और अनुक्त का प्रतिपादन करने वाला'। 'आचाराग्र' आचारांग मेंप्रतिपादित अर्थ का विस्तार और अप्रतिपादित अर्थ का प्रतिपादन करता है, इसीलिए उसे आचार का अग्र-स्थान दिया गया।[2]

आचार-चूला में उक्त का प्रतिपादन और अनुक्त का विस्तार—ये दोनो मिलते है। इसके प्रथम सात अध्ययनो मे उक्त का विशदीकरण है। पन्द्रहवें अध्ययन में भगवान् महावीर का जीवन-वृत्त है, वह अनुक्त का प्रतिपादन है। प्रस्तुत अध्ययन आचार के प्रथम अध्ययन (शस्त्र-परिज्ञा) से निर्यूढ है। उसमें महावीर का जीवन-वृत्त नही है। महाव्रतो की भावना प्रथम अध्ययन की पूरक है।

निर्यूहण के विषय में यह अनुमान भी किया जा सकता है कि आचाराग में पिण्ड, शय्या आदि से सम्बन्धित सूत्रो का अर्थागम विस्तृत था। भद्रबाहु स्वामी ने उस अर्थागम को सूत्रागम का रूप देकर उसको चूला के रूप में स्थापित कर दिया। आचारकल्प (निशीथ) आचार से निर्यूढ नहीं है, किन्तु पूर्वगत आचार-वस्तु से निर्यूढ है। दोनो में नाम साम्य है, इसीलिए आचाराग्र को आयार से निर्यूढ कहा गया है। प्रथम दो चूलाओ में सात-सात अध्ययन रखे गए, तीसरी और चौथी चूला में एक-एक अध्ययन रखा गया। इस व्यवस्था के पीछे क्या रहस्य है, सहज ही यह जिज्ञासा उभरती है? आचारप्रकल्प के बीस उद्देशक हैं और उसे एक (पाँचवीं) चूला माना गया, यह उपयुक्त है। क्योंकि वे सब एक विषय से सम्बन्धित है। दूसरी चूला के सात अध्ययन भी आचार के एक अध्ययन से निर्यूढ हैं तथा पन्द्रहवाँ और सोलहवाँ भी एक-एक अध्ययन से निर्यूढ हैं, इसलिए इन्हें एक-एक चूला मानना उचित है। प्रथम सात अध्ययनो में पाँच अध्ययनो का निर्यूहण-स्थल समान है। पाँचवे और छठे का निर्यूहण-स्थल भिन्न-भिन्न है। फिर भी उन्हें एक चूला मे रखा गया, उसका कारण विषय-साम्य प्रतीत होता है। प्रथम चूला के सातो अध्ययन ईर्या, भाषा और एषणा समिति से सम्बन्धित है, इसीलिए उन्हे एक प्रकरण में वर्गीकृत किया गया।

---

१. आचाराग निर्युक्ति, गाथा २८६
उवयारेण उ पगय, आयारस्सेव उवरिमाइ तु।
रुक्खस्स य पव्वयस्स य, जह अग्गाइ तहेयाइ॥

२. आचाराग चूर्णि, पृ० २८९।
उपकाराग्रं तु यत् पूर्वोक्तस्स विस्तरतोऽनुक्तस्य च प्रतिपादन्नादुपकारे वर्तते तद्र यथा दशवैकालिकस्य चूडे, अयमेव वा श्रुतस्कन्ध आचारस्येत्यतोऽत्रोपकाराग्रेणाधिकार।

पाँचो चूनाएँ एक ही व्यक्ति द्वारा कृत है या भिन्न-भिन्न व्यक्तियो द्वारा, यह प्रश्न भी उपस्थित होता है। नियुक्तिकार ने 'स्थविर' शब्द का प्रयोग बहुवचन में किया है।[1] उसके आधार पर आयार-चूला के अनेक-कर्तृत्व होने की कल्पना की जा सकती है। यदि स्थविर शब्द का बहुवचन सम्मान-सूचक हो, तो अनेक-कर्तृत्व की कल्पना आधारहीन हो जाती है। स्थविर शब्द का बहुवचन में प्रयोग अनेक व्यक्तियों के लिए है अथवा सम्मान-सूचन के लिए इसका निर्णय करना बड़ा कठिन है। आचारांग के विशेष उपयोगी स्थलो का विस्तार किसी एक ही व्यक्ति ने विशेष प्रयोजन की पूर्ति के लिए किया, ऐसा प्रतीत होता है।

आचारांग में पिण्डैषणा आदि के नियम बिखरे हुए थे तथा अर्थागम के द्वारा प्रतिपादित थे। उनका सूत्रागम के रूप में एकत्र संकलन करने की कल्पना आचार्य के मन में हुई और उन्होंने वैसा किया। आचार-चूला एक विषय के बिखरे हुए अर्थों का संकलन है, इसकी सूचना चूर्णिकार ने भी दी है।[2] आचार-चूला में जिन विषयों का निषेध किया गया है, उन्हीं की प्रायश्चित्त-विधि निशीथ में निर्दिष्ट है। आचार सम्बन्धी नियमों का संकलन और उनके अतिक्रमण का प्रायश्चित्त—इन दोनों को व्यवस्थित रूप देने की कल्पना किसी एक ही मस्तिष्क की है और वह छेदसूत्र के कर्त्ता चतुर्दशपूर्वी भद्रबाहु की ही होनी चाहिए।

श्वेताम्बर-साहित्य में निशीथ को 'कालिक सूत्र' माना है। वह अनंग-प्रविष्ट की कोटि में आता है।[3] चार चूलाओं को आचारांग के द्वितीय श्रुतस्कंध के रूप में मान्यता दी गई है।[4] वे अंग-प्रविष्ट की कोटि में मान्य हैं।

दिगम्बर-साहित्य में निशीथ की गणना आरातीय आचार्य कृत चौदह अंग-बाह्य सूत्रों में की है।[5] समवायांग तथा नंदी में आचारांग के पच्चीस अध्ययन बतलाए गए हैं।[6] यह संख्या आचारांग के नौ अध्ययनो के साथ चार आचार-चूलाओं के सोलह अध्ययनों का योग करने से निष्पन्न हो जाती है।

---

१. आचाराग निर्युक्ति, गाथा २८७।

२. आचाराग चूर्णि, पृ० ३२६
पिंडीकृतो पृथक्-पृथक्, पिंडस्स पिंडेसणासु कतो, सेज्जत्थो सेज्जासु, एवं सेसाणवि।

३. नंदी- सूत्र ७७।

४. वही, सूत्र ८०।

५. गोम्मटसार, ३६६-३६७।

६. (क) समवायांग, समवाय २५, सूत्र ५.
आयारस्स ण भगवओ सचूलियायस्स पणवीस अज्झयणा पण्णत्ता।

(ख) नंदी, सूत्र ८०:
पणवीसं अज्झयणा।

उक्त साक्ष्यों के आधार पर इस निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकता है कि निशीथ की रचना एक स्वतंत्र ग्रन्थ के रूप में की गई तथा नंदी सूत्र की रचना (आगम संकलना-काल) तक उसका स्थान स्वतंत्र रहा फिर उसे आचारांग की एक चूला के रूप में मान्य किया गया। यह मान्यता निर्युक्ति की रचना से पूर्व स्थिर हो चुकी थी। इसीलिए निर्युक्तिकार ने पद-परिमाण की दृष्टि से आचारांग को बहु और बहुतर माना है।[1] शीलांक सूरि के अनुसार चार चूलाओं का योग करने पर आचारांग का पद-परिमाण 'बहु' होता है और निशीथ नामक पाँचवी चूला का योग करने पर उसका पद-परिमाण 'बहुतर' हो जाता है।[2] वर्तमान में निशीथ का समावेश छेद-सूत्रों के वर्ग में किया जाता है, यह भी नंदी की रचना के उत्तरकाल में हुआ है। उपयोगिता की दृष्टि से भले उसे स्वतंत्र ग्रन्थ माना जाए या छेद-सूत्रों के वर्ग में समाविष्ट किया जाए, किन्तु उसकी रचना के पीछे जो परिकल्पना है, वह शेष चार चूलाओं की परिकल्पना से भिन्न नहीं है। अतः पाँचों चूलाओं को अनेक-कर्तृक मानने की अपेक्षा एक कर्तृक मानने में अधिक संगति है।

समवायांग सूत्र में चूलिका वर्जित आचारांग, सूत्रकृतांग और स्थानांग के सत्तावन अध्ययन बतलाए गए हैं। इनमें सूत्रकृतांग के तेईस अध्ययन और स्थानांग के दस अध्ययन (स्थान) हैं। आचारांग के ६ अध्ययन, आचार-चूला के १५ अध्ययन (चौथी चूला—१६वें अध्ययन को छोड़ कर शेष तीन चूलाओं के पन्द्रह अध्ययन) इस प्रकार सत्तावन अध्ययन होते हैं।[3]

वृत्तिकार अभयदेव सूरि[4] ने विमुक्ति (चौथी चूला) का वर्जन किस आधार पर किया, यह ज्ञात नहीं है और सूत्रकार ने केवल सत्तावन की संख्या पूरी करने के लिए विमुक्ति अध्ययन का वर्जन किया या इसके पीछे कोई दूसरा दृष्टिकोण था, इसका निश्चित उत्तर नहीं दिया जा सकता।

---

१. आचारांग निर्युक्ति, गाथा ११:
हवइ य सपचचूलो बहुबहुतरओ पयग्गेण।

२. आचारांग वृत्ति, पत्र ६:
तत्र चतुश्चूलिकात्मकद्वितीयश्रुतस्कन्धप्रक्षेपाद्बहुः, निशीथाख्यपञ्चमचूलिकाप्रक्षेपाद्-बहुतरः।

३. समवायांग, समवाय ५७, सूत्र १:
तिण्हं गणिपिडगाणं आयारचूलियावज्जाणं सत्तावन्नं अज्झयणा पण्णत्ता, तजहा—आयारे, सूयगडे, ठाणे।

४. वहीं, वृत्ति, पत्र ६६:
आचारस्य श्रुतस्कन्धद्वयरूपस्य प्रथमाङ्गस्य चूलिका—सर्वान्तिममध्ययनं विमुक्त्यभि-धानमाचारचूलिका तद् वर्जानाम्'' ।

आचाराग से सीधा सम्बन्ध प्रथम तीन चूलिकाओ (१५ अध्ययनों) का है। प्रथम दो चूलिकाओं का सम्बन्ध आचार से है तथा तीसरी चूलिका (पन्द्रहवें अध्ययन) का सम्बन्ध नौवे अध्ययन में वर्णित महावीर की साधना से है। 'विमुक्ति' का आचारांग से सीधा सम्बन्ध नही है। इसी तथ्य की सूचना इस गणना में दी है—ऐसी कल्पना की जा सकती है।

आवश्यक चूर्णि मे एक नई चर्चा प्राप्त होती है। उसके अनुसार स्थूलिभद्र की बहन यक्षा महाविदेह क्षेत्र में गई थी। जब वह वापस आ रही थी, तब सीमंधर भगवान् ने उसे दो अध्ययन दिए—(१) भावना और (२) विमुक्ति।[1]

आचार्य हेमचन्द्र ने परिशिष्ट पर्व मे इस घटना में दो अध्ययनो का सम्वर्धन किया है। उनके अनुसार साध्वी यक्षा ने भगवान् सीमंधर से चार अध्ययन प्राप्त किए थे—(१) भावना, (२) विमुक्ति, (३) रतिवाक्या (रतिकल्प) और (४) विविक्त-चर्या। संघ ने प्रथम दो अध्ययन आचाराग की तीसरी और चौथी चूलिकाओ के रूप मे और अंतिम दो अध्ययन दशवैकालिक की चूलिकाओ के रूप में स्थापित किये।[2]

आचारांग निर्युक्ति और दशवैकालिक निर्युक्ति मे उक्त घटना का उल्लेख नही है। आवश्यक चूर्णि में इस घटना का समावेश कैसे हुआ और आचार्य हेमचन्द्र ने उसमें सम्वर्धन कैसे किया, इसका प्रामाण्य प्राप्त किए विना इस बारे में कुछ कहना कठिन है। आचाराग निर्युक्ति के आधार पर इतना ही कहा जा सकता है कि ये चूलिकाएँ स्थविर कृत हैं।

## १३-आचारांग का महत्त्व

आचारांग आचार का प्रतिपादक सूत्र है, इसलिए यह सब अंगो का सार माना गया है। निर्युक्तिकार ने निर्युक्ति गाथा १६ में स्वयं जिज्ञासा की—'अंगाणं किं सारो?' अंगो का सार क्या है? इसके उत्तर की भाषा में उन्होने लिखा है—'आयारो' अर्थात् अंगो का सार आचार है।

आचारांग मे मोक्ष का उपाय बताया गया है, इसलिए यह समूचे प्रवचन का सार है।[3]

---

१. आवश्यक चूर्णि. पृ० १८८ :
सिरिओ पव्वइतो अब्भत्तट्ठेणं कालगतो महाविदेहे य पुच्छिका गता अज्जा दो वि अज्झयणाणि भावणा विमोत्ती य आणिताणि।

२. परिशिष्ट पर्व, ६।६।८३-१००।

३. आचाराग निर्युक्ति, गाथा ६।

आचारांग के अध्ययन से श्रमण-धर्म ज्ञात होता है, इसलिए आचारधर पहला गणिस्थान (आचार्य होने का प्रथम कारण) कहलाता है।[1]

आचारांग मुनि-जीवन का आधारभूत आगम है, इसलिए इसका अध्ययन सर्व प्रथम किया जाता था। नौ ब्रह्मचर्य अध्ययनों का वाचन किए बिना उत्तम या ऊपर के आगमों का वाचन करने पर चातुर्मासिक प्रायश्चित्त का विधान किया गया है।[2]

आचारांग पढ़ने के बाद ही धर्मानुयोग, गणितानुयोग और द्रव्यानुयोग पढ़े जाते थे।[3] नव दीक्षित मुनि की उपस्थापना आचारांग के शस्त्र-परिज्ञा अध्ययन द्वारा की जाती थी। वह पिण्डकल्पी (भिक्षा लाने योग्य) भी आचारांग के अध्ययन से होता था।[4] आचारांग का अध्ययन किए बिना सूत्रकृत आदि अङ्गों का अध्ययन विहित नहीं था।[5] उक्त उद्धरणों से आचारांग का महत्त्व-ख्यापन होता है और साथ-साथ उसके प्रतिपाद्य विषय—आचार का भी महत्त्व-ख्यापन होता है।

## १४-रचना-शैली

सूत्रकृतांग चूर्णि में सूत्र-रचना की चार शैलियों का निर्देश मिलता है—(१) गद्य, (२) पद्य, (३) कथ्य और (४) गेय।[6]

---

१. आचारांग निर्युक्ति, गाथा १० :
आयारम्मि अहीए, ज नाओ होइ समणधम्मो उ।
तम्हा आयारधरो, भण्णइ पढम गणिट्ठाणं॥

२. निशीथ, १९।१ :
जे भिक्खु णव बंभचेराइं अवाएत्ता उत्तम सुय वाएइ, वाएंत वा सातिज्जति।

३. निशीथ चूर्णि (निशीथ सूत्रं, चतुर्थ विभाग), पृ० २५३ :
अहवा—बंभचेरादी आयार अवाएत्ता धम्माणुओ' इसिभासियादि वाएति, अहवा—सूरपण्णत्तियाइगणियाणुओगं वाएति, अहवा—दिट्ठिवातं दवियाणुओगं वाएति, अहवा—जदा चरणाणुओगो वातित्तो तदा धम्माणुयोगं अवाएत्ता गणियाणुयोग वाएति, एव उक्कमो चारणियाए सव्वो वि भासियव्वो।

४. व्यवहारभाष्य, ३।१७४-१७५।

५. निशीथ चूर्णि (निशीथ सूत्र, चतुर्थ विभाग), पृ० २५२ :
अंग जहा आयारो तं अवाएत्ता सुयगडगं वाएति।

६. सूत्रकृतांग चूर्णि, पृ० ७ :
तं चउव्विध, तजहा—गद्यं पद्यं कथ्यं गेयं। गद्यं—चूर्णिग्रन्थः ब्रह्मचर्यादि, पद्यं गाथासोलसगादि, कथनीयं कथ्य जहा उत्तरज्झयणाणि इसिभासिताणि णायाणि य, गेयं णाम सरसंचारेण जधा काविलिज्जे 'अध्र वे असासयमि संसारमि दुक्खपउराए।'

(१) गद्य— चूर्णि ग्रन्थ, जैसे—ब्रह्मचर्य अध्ययन।

(२) पद्य— जैसे—गाथाषोडशक (सूत्रकृतांग के प्रथम श्रुतस्कंध का १६वाँ अध्ययन)

(३) कथ्य— कथनीय, जैसे—उत्तराध्ययन, ऋषिभाषित, ज्ञाता।

(४) गेय— स्वरयुक्त, जैसे—कापिलीय (उत्तराध्ययन का ८वाँ अध्ययन)।

दशवैकालिक निर्युक्ति मे ग्रथित और प्रकीर्णक—इन दो शैलियो की चर्चा मिलती है।[1] ग्रथित शैली का अर्थ है 'रचनाशैली' और प्रकीर्णक का अर्थ है 'कथा-शैली'।[2] ग्रथित शैली के चार प्रकार बतलाए गए हैं—(१) गद्य, (२) पद्य, (३) गेय और (४) चौर्ण।[3]

दशवैकालिक निर्युक्ति में जो प्रकीर्णक है, वही सूत्रकृतांग चूर्णि में कथ्य है। सूत्रकृतांग चूर्णि में ब्रह्मचर्याध्ययन (प्रथम आचारांग) को गद्य की कोटि में रखा है और उसे चूर्णि ग्रन्थ माना है। किन्तु दशवैकालिक चूर्णि में ब्रह्मचर्याध्ययन को चौर्ण पद माना है।[4] हरिभद्र का भी यही अभिमत है।[5] आचारांग की रचना गद्य-शैली की नही है, इसलिए दशवैकालिक चूर्णि का अभिमत संगत लगता है।

निर्युक्तिकार ने चौर्ण-पद की व्याख्या इस प्रकार की है—"जो अर्थ-बहुल, महार्थ हेतु, निपात और उपसर्ग से गंभीर, बहुपाद, अव्यवच्छिन्न (विराम रहित), गम और नय से विशुद्ध होता है, वह चौर्णपद है।"[6] चौर्ण की परिभाषा में आया हुआ 'बहुपाद'

---

१. दशवैकालिक निर्युक्ति, गाथा १६९ :
नोमाउगपि दुविह, गहियं च पइन्नयं च बोद्धव्वं।
गहिय चउप्पयार, पइन्नग होइ णेगविहं॥

२. दशवैकालिक हारिभद्रीय वृत्ति, पत्र ८७ :
ग्रथित रचित बद्धमित्यनर्थान्तरम्, अतोऽन्यत्प्रकीर्णकं—प्रकीर्णककथोपयोगिज्ञान-पदमित्यर्थ.।

३. दशवैकालिक निर्युक्ति, गाथा १७० :
गज्ज पज्ज गेयं, चुण्ण च चउव्विह तु गहियपय।
तिसमुट्ठाण सव्वं, इइ वेंति सलक्खणा कइणो॥

४. दशवैकालिक चूर्णि, पृ० ७८ :
इदाणि चुण्णपद भण्णइ, जहा बमचेराणि।

५. दशवैकालिक हारिभद्रीय टीका, पत्र ८८ :
चौर्णं पदं ब्रह्मचर्याध्ययनपदवत्।

६. दशवैकालिक निर्युक्ति, गाथा १७४ :
अत्थबहुलं महत्थं, हेउनिवाओवसग्गगंभीरं।
बहुपायमवोच्छिन्नं, गमणयसुद्धं च चण्णपयं॥

शब्द यहाँ बहुत महत्त्वपूर्ण है। जिस रचना में कोई पाद नही होता, वह गद्य और जिसमें गद्य भाग के साथ-साथ बहुतपाद (चरण) होते हैं, वह चौर्ण है। संक्षेप में गद्य को 'अपाद' और चौर्ण को 'बहुपाद' कहा जा सकता है। आचारांग में सैकड़ों पाद हैं, इसलिए वह चौर्णशैली की रचना है।

यह आश्चर्य की बात है कि समवायांग[1] तथा नन्दी[2] मे आचारांग के संख्येय वेष्टको और संख्येय श्लोको का उल्लेख है तथा चूर्णि और वृत्ति साहित्य में इसे चौर्णपद की कोटि में रखा गया है, फिर भी इसके प्रकीर्ण पादो की ओर जैन विद्वानो ने ध्यान नही दिया। आचारांग में गद्य भाग के साथ-साथ विपुल मात्रा में पद्य भाग है—इस रहस्य के उद्‌घाटन का श्रेय डॉ० शुब्रिग को है। उन्होने स्व-संपादित आचारांग में पद्य भाग का पृथक् अंकन किया है।

आचारांग के ८ वे अध्ययन के ७ वें उद्देशक तक की रचना चौर्णशैली में है और ८ वाँ उद्देशक तथा ९ वाँ अध्ययन पद्यात्मक है। आचार-चूला के १५ अध्ययन मुख्यतया गद्यात्मक है, कही-कही पद या संग्रह-गाथाएँ प्राप्त हैं। १६ वाँ अध्ययन पद्यात्मक है।

## १५-व्याख्या-ग्रन्थ

आचारांग के उपलब्ध व्याख्या ग्रन्थो में सर्वाधिक प्राचीन निर्युक्ति है। इसके कर्त्ता द्वितीय भद्रबाहु (वि० पाँचवी छट्ठी शताब्दी) हैं।

दूसरा स्थान चूर्णि का है। निर्युक्ति पद्यमय है और चूर्णि गद्यमय। परम्परा से इसके कर्त्ता जिनदास महत्तर माने जाते हैं। किन्तु ऐतिहासिक शोध के आधार पर इसकी पुष्टि नहीं हुई है। अंग शब्द का निक्षेप करते हुए चूर्णिकार ने द्रव्य-अंग की व्याख्या के लिए चउरंगिज्ज (उत्तराध्ययन का तृतीय अध्ययन) की भाँति—ऐसा उल्लेख किया है।[3] इस वाक्यांश से उत्तराध्ययन और आचारांग की चूर्णि के एक कर्त्ता होने की कल्पना की जा सकती है। यदि आचारांग और उत्तराध्ययन के चूर्णिकार एक हों तो उनका परिचय उत्तराध्ययन चूर्णि के अनुसार 'गोपालिक महत्तर शिष्य' के रूप में मिलता है।[4]

---

१. समवायांग, प्रकीर्णक समवाय, सूत्र ८९।
२. नंदी, सूत्र ८०:
संखेज्जा वेढा, संखेज्जा सिलोगा।
३. आचारांग चूर्णि, पृ० ४
दव्वंगं जहा चउरंगिज्जे।
४. उत्तराध्ययन चूर्णि, पृ० २८३।

आचारांग का तीसरा व्याख्या-ग्रन्थ 'टीका' है। चूर्णि और वृत्ति—ये दोनों निर्युक्ति के आधार पर चलते हैं। निर्युक्ति का शब्द-शरीर संक्षिप्त है, किन्तु दिशा-सूचन व ऐतिहासिक दृष्टि से वह सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है। चूर्णि का शब्द-शरीर टीका की अपेक्षा संक्षिप्त है, किन्तु अर्थाभिव्यक्ति व ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत मूल्यवान् है। टीका का शब्द-शरीर उपलब्ध व्याख्या-ग्रन्थों में सबसे बड़ा है। इसके कर्त्ता शीलाङ्क सूरि हैं। उन्होंने अपना दूसरा नाम 'तत्त्वादित्य' बतलाया है।[1] आचारांग की पुष्पिका के अनुसार उन्होंने आचारांग (प्रथम श्रुतस्कन्ध) की टीका गुप्त सम्वत् ७७२, भाद्र शुक्ला-पंचमी के दिन 'गम्भूता' (उत्तर गुजरात में पाटण का पार्श्ववर्ती 'गांभू' नामक गॉव) में पूर्ण की थी।[2]

शीलाङ्क सूरि का अस्तित्व-काल ई० ८ वीं शती माना जाता है।[3]

दीपिका : रचयिता—अंचल गच्छ के मेरुतुंग सूरि के शिष्य माणिक्यशेखर सूरि।

दीपिका : रचयिता—खरतर गच्छ के जिनसमुद्र सूरि के पट्टधर जिनहंस सूरि।

अवचूरि : रचयिता—हर्षकल्लोल के शिष्य लक्ष्मीकल्लोल। रचना वि० सं० १६०६ (?)।

बालावबोध : रचयिता—पार्श्वचन्द्र सूरि।

पद्यानुवाद और वार्तिक : इन दोनों के कर्त्ता श्रीमज्जयाचार्य (विक्रम की २० वीं शती) हैं। पद्यानुवाद—आचारांग के प्रथम श्रुतस्कन्ध की राजस्थानी में पद्यात्मक व्याख्या है। वार्तिक आचार-चूला पर लिखा गया है। उसके चर्चास्पद विषयों के स्पष्टीकरण के लिए प्रस्तुत वार्तिक बहुत महत्त्वपूर्ण है।

ऊपर की पंक्तियों में हमने व्याख्या-ग्रन्थों की चर्चा की है। प्रस्तुत शीर्षक में अनुपलब्ध व्याख्या-ग्रन्थों पर दृष्टि डाल लेना आवश्यक है। आर्य गन्धहस्ती ने

---

१ आचारांग वृत्ति, पत्र २८७ :
ब्रह्मचर्याख्यश्रुतस्कन्धस्य निर्वृ'ति कुलीनशीलाचार्येण तत्त्वादित्यापरनाम्ना वाहरिसाधुसहायेन कृता टीका परिसमाप्ता।

२ वही, पत्र २८७ :
द्वासप्तत्यधिकेषु हि शतेषु, सप्तसु गतेषु गुप्तानाम्।
संवत्सरेषु मासि च, भाद्रपदे शुक्लपञ्चम्याम्॥
शीलाचार्येणकृता, गम्भूतायां स्थितेन टीकैषा।
सम्यगुपयुज्य शोध्य, मात्सर्यविनाकृतैरार्यैः॥

३ जीतकल्पसूत्र, प्रस्तावना, पृ० ११-१५ :
पुष्पिकागत रचना-संवत् भिन्न-भिन्न आदर्शों में भिन्न-भिन्न प्रकार का मिलता है। देखिए—'जैन आगम साहित्य मां गुजरात', पृ० १७६।

आचारांग के प्रथम अध्ययन 'शस्त्र-परिज्ञा' की टीका में उसी का संक्षिप्त सार संकलन किया है। आचारांग टीका में उन्होंने लिखा है—

शस्त्रपरिज्ञाविवरणमतिबहुगहनं च गन्धहस्तिकृतम्।
तस्मात् सुखबोधार्थं गृह्णाम्यहमञ्जसा सारम् ॥३॥
(आचारांग वृत्ति, पत्र १)

शस्त्रपरिज्ञाविवरणमतिगहनमितीव किल वृत्तं पूज्यैः।
श्रीगन्धहस्तिमिश्रैर्विवृणोमि ततोऽहमवशिष्टम् ॥२॥
(आचारांग वृत्ति, पत्र ७४)

हिमवंत थेरावली के अनुसार आर्य गन्धहस्ती ने बारह अङ्गों पर विवरण लिखा था। आचारांग सूत्र का विवरण विक्रम सम्वत् के दो सौ वर्ष बाद लिखा गया।[1] ऊपर उद्धृत आचारांग वृत्ति के श्लोकों से इस अभिमत की पुष्टि नहीं होती कि आर्य गन्धहस्ती ने समग्र आचारांग पर विवरण लिखा था।

## १६—उपसंहार

प्रस्तुत भूमिका में आचार और आचार-चूला का संक्षिप्त पर्यालोचन किया गया है। भाषाशास्त्रीय अध्ययन, तुलनात्मक अध्ययन, छन्द-विमर्श, व्याकरण-विमर्श आदि-आदि विषयों की विशद समीक्षा अपेक्षित है। इसकी सम्पूर्ति 'आचारांग : एक समीक्षात्मक अध्ययन' में की जाएगी।

आचार्य तुलसी

सागर-सदन
अहमदाबाद
१५ अगस्त, १९६७

---

१. प्राकृत साहित्य का इतिहास, पृ० १९८।

# भूमिका में प्रयुक्त ग्रन्थ-सूची


अनुयोगद्वार

अभिधानराजेन्द्र कोष

अभियसमयालंकार की टीका (बौद्ध संस्कृत-ग्रन्थ)

आचारांग ('आयारो तह आयार-चूला' में मुद्रित)

आचारांग चूर्णि

आचारांग निर्युक्ति

आचारांग वृत्ति

आवश्यक चूर्णि

आवश्यक निर्युक्ति

उत्तराध्ययन ('दसवेआलियं तह उत्तरज्झयणाणि' मे मुद्रित)

उत्तराध्ययन चूर्णि

गोम्मटसार

जयधवला

जितकल्पसूत्र

तत्त्वार्थ भाष्य

तित्थोगाली

तत्त्वार्थ राजवार्तिक

दशवैकालिक चूर्णि

दशवैकालिक निर्युक्ति

दशवैकालिक, हारिभद्रीय टीका

धवला (षट्खण्डागम)

निशीथ

निशीथ चूर्णि

नंदी

नंदी, मलयगिरि वृत्ति

परिशिष्ट पर्व
पाणिनीय शिक्षा
प्रभावक चरित
प्रशमरति प्रकरण
प्राकृत साहित्य का इतिहास
मूलाराधना
विशेपावश्यक भाष्य
व्यवहार भाष्य
सद्धर्मपुण्डरीक सूत्र ( डॉ० नलिनाक्ष दत्त का देवनागरी संस्करण, रायल एशियाटिक सोसायटी, कलकत्ता, सन् १९५३)
सम्मति तर्क प्रकरण
समवायांग (संशोधित प्रति)
समवायांग वृत्ति
सर्वार्थसिद्धि
सूत्रकृतांग चूर्णि
सेक्रेड बुक्स ऑफ दी ईस्ट, दी खं० २२,४५
हिमवंत थेरावली

# आयारो

तह

# आयार-चूला

# आयारो : विसय-सूची

# आयार-चूला : विसय-सूची

# संकेत-निर्देशिका

| | |
|---|---|
| ● ० | ये दोनो विन्दु पाठ-पूर्ति के द्योतक है। पाठ-पूर्ति के प्रारम्भ में भरे विन्दु (●) और उसके समापन में रिक्त बिन्दु (०) का संकेत किया गया है। |
| (?) | कोष्ठकवर्ती प्रश्न-चिन्ह आदर्शों मे अप्राप्त किन्तु पूर्व पद्धति के अनुसार आवश्यक पाठ के अस्तित्व का सूचक है। देखें, पृष्ठ १७४, सूत्र १४ |
| ( ) | क—पूर्व पद्धति के अनुसार आदर्शो मे प्राप्त किन्तु प्रस्तुत प्रकरण मे अनावश्यक पाठ को कोष्ठक मे रखा गया है। देखें, पृष्ठ १७१, सूत्र ५। |
| ( ) | ख—संग्रह गाथाएँ भी कोष्ठक के अन्तर्गत रखी गई है। देखे, पृष्ठ १५, सूत्र २४ |
| ( ) | ग—तेरहवे और चौदहवे अध्ययन मे भेद करने वाले शब्द कोष्ठक मे रखे गए है। |
| ( ) | कोष्ठकवर्ती संख्यांक पूर्ति-आधार-स्थल के अध्ययन और सूत्रांक के सूचक है। देखे, पृष्ठ १६६, सूत्र ५१ |
| (जाव २।३६) | कोष्ठक में जाव के आगे जो सूत्रांक है, वे पूर्ति-आधार-स्थल के अध्ययन और सूत्रांक के सूचक है। देखे, पृष्ठ १८४, सूत्र ३७ |
| (जाव) | एक ही सूत्र मे समान पाठ-पद्धति के सूचक जाव शब्दो में से एक की पूर्ति की गई है तथा पुनरागत जाव शब्द के लिए कोष्ठक का प्रयोग किया गया हे। देखे, पृष्ठ १६७, सूत्र १४४। |
| ' ' | यह दो या उससे अधिक शब्दो के स्थान पर पाठान्तर होने का सूचक है। देखे, पृष्ठ १, सू० २८। |
| | गहरे अक्षर पद्य-भाग के सूचक है। देखे, पृष्ठ ७, सूत्र ३५ |
| ० | पाठ के संलग्न दिया गया एक बिन्दु अपूर्ण पाठ का द्योतक है। |
| × | क्रास पाठ नही होने का द्योतक है। |
| वृपा० | वृत्ति सम्मत पाठान्तर। |
| चूपा० | चूर्णि सम्मत पाठान्तर। |
| असण वा ४<br>असण वा (४) | असणं वा पाणं वा खाइमं वा साइमं वा |

# आयारो

पढमं अज्झयणं

# सत्थ-परिण्णा

## पढमो उद्देसो

१–सुयं मे आउसं ! तेणं भगवया एवमक्खायं[1]—

इहमेगेसिं नो सन्ना भवइ, तंजहा—

पुरत्थिमाओ वा दिसाओ आगओ अहमंसि,

दाहिणाओ वा दिसाओ आगओ अहमंसि,

पच्चत्थिमाओ वा दिसाओ आगओ अहमंसि,

उत्तराओ वा दिसाओ आगओ अहमंसि,

उड्ढाओ वा दिसाओ आगओ अहमंसि,

'अहे वा दिसाओ'[2]आगओ अहमंसि,

'अण्णयरीओ वा दिसाओ आगओ अहमंसि,

अणुदिसाओ वा'[3] आगओ अहमंसि ।

२–एवमेगेसिं णो णातं भवति[4]—

अत्थि मे आया उववाइए,[5]

णत्थि मे आया उववाइए,

के अहं आसी ?

के वा इओ चुओ[6] इह पेच्चा भविस्सामि ?

---

१—० मक्खाय (ख) ।

२—अहे दिसाओ वा ( क, ख, ग, घ, च ), अहो दिसाओ वा ( छ ) ।

३—अण्णयरीओ वा दिसाओ वा अणुदिसाओ ( क, ग, छ ) ; अन्नयरीओ दिसाओ वा अणुदिसाओ वा (घ) ; अन्नत्तराए दिसाओ वा अणुदिसाओ वा ( च ) ।

४—भवति, त जहा ( चू ) ।

५—ओववातिते ( क ) ; उववादिए ( च ) ।

६—चते ( घ ) ।

३–सेज्जं पुण जाणेज्जा—

सह-सम्मइयाए,[1]

पर-वागरणेणं,

अण्णेसिं वा अंतिए सोच्चा, तंजहा—

पुरत्थिमाओ[2] वा दिसाओ आगओ अहमंसि,
*दक्खिणाओ वा दिसाओ आगओ अहमंसि,
पच्चत्थिमाओ वा दिसाओ आगओ अहमंसि,
उत्तराओ वा दिसाओ आगओ अहमंसि,
उड्ढाओ वा दिसाओ आगओ अहमंसि,
अहे वा दिसाओ आगओ अहमंसि,*
अण्णयरीओ वा दिसाओ आगओ अहमसि,
अणुदिसाओ वा आगओ अहमंसि ।

४–एवमेगेसिं जं णातं[3] भवइ–अत्थि मे आया उववाइए । जो इमाओ 'दिसाओ अणुदिसाओ वा'[4] अणुसंचरइ,[5] सव्वाओ दिसाओ सव्वाओ अणुदिसाओ 'जो आगओ अणुसंचरइ'[6]–सोहं ।

५–से आयावाई, लोगावाई, कम्मावाई, किरियावाई ।

६–अकरिस्सं च'ऽहं, कारवेसुं[7] च'ऽहं, करओ यावि समणुन्ने भविस्सामि ।

---

१—सम्मुतियाए ( चू ), समदियाए ( क ), सहसमुइयाओ ( घ ); सहस्समुइए ( च )।
२—पुरित्थि ° ( ख, च ) ।
३—णाण ( ख ), णाय ( घ ) ।
४—दिमाओ वा अणुदिमाओ ( ख, छ ), दिसाओ वा अणुदिसाओ य ( चू, वृ ) ।
५—अणुसमरइ , अणुसभरति ( चूपा ) ; अणसमरइ ( वृपा ) ।
—X ( क, ख, ग, च ) ।
७—काराविस्स ( क, ख, ग, ) , कारावेस्म ( च ) ; कारावेस्सं ( घ ) ।

७–एयावंति सव्वावंति लोगंसि कम्म-समारंभा परिजाणियव्वा भवंति ।

८–अपरिण्णाय-कम्मे[1] खलु अयं पुरिसे,
जो इमाओ दिसाओ वा अणुदिसाओ वा अणुसंचरइ,
सव्वाओ दिसाओ सव्वाओ अणुदिसाओ सहेति ।
अणेगरूवाओ जोणीओ संधेइ,[2]
विरूवरूवे फासे य[3] पडिसंवेदेइ[4] ।

९–तत्थ खलु भगवया परिण्णा पवेइया ।

१०–इमस्स चेव जीवियस्स—
परिवदण-माणण-पूयणाए,
जाई-मरण-मोयणाए,[5]
दुक्ख-पडिघायहेउं ।

११–एयावंति सव्वावंति लोगंसि कम्म-समारभा परिजाणियव्वा भवंति ।

१२–जस्से ते लोगंसि कम्म-समारंभा परिण्णाया भवंति, से हु मुणी परिण्णाय-कम्मे ।

—त्ति बेमि ।

## बीओ उद्देसो

१३–अट्टे लोए परिजुण्णे, दुस्संबोहे अविजाणए ।

---

१—० कम्मा (क, घ ) ।
२—संधावति ( चू ) , सधेइ ( चूपा ) , सधावइ ( वृपा ) ।
३—× ( क, ख, ग, घ, च ) ।
४—० सवेतेइ ( क ) ; ० सवेयइ ( ग, च ) ।
५—० भोयणाए ( वृपा ) ।

१४—अस्सिं लोए पव्वहिए[1],
तत्थ तत्थ पुढो पास[2],
आतुरा[3] परितावेंति।

१५—संति पाणा पुढोसिया।

१६—लज्जमाणा पुढो पास।

१७—अणगारा मो'त्ति एगे पवयमाणा।

१८—जमिणं विरूवरूवेहिं सत्थेहिं पुढवि-कम्म-समारंभेणं पुढवि-सत्थं समारंभेमाणे[4] अण्णे व'णेगरूवे[5] पाणे विहिंसति।

१९—तत्थ खलु भगवया परिण्णा पवेइया।

२०—इमस्स चेव जीवियस्स—
परिवंदण-माणण-पूयणाए,
जाई-मरण-मोयणाए,
दुक्ख-पडिघायहेउं।

२१—से सयमेव पुढवि-सत्थं समारंभइ, अण्णेहिं वा पुढवि-सत्थं समारंभावेइ, अण्णे वा पुढवि-सत्थं समारंभंते[6] समणुजाणइ।

२२—तं से अहियाए, तं से अबोहीए।

२३—से तं संबुज्झमाणे, आयाणीयं समुट्ठाए।

२४—सोच्चा खलु भगवओ अणगाराणं वा[7] अंतिए इहमेगेसिं णातं भवति—
एस खलु गंथे,

---

१—पव्वविए (च)।
२—° पासे (क, घ)।
३—आतुरा अस्सि (वृ)।
४—समारंभमाणा (ख, ग, छ)।
५—अणेग ° (घ, च)।
६—समारभमाणे (घ)।
७—× (घ)।

एस खलु मोहे,
एस खलु मारे,
एस खलु णरए[1]।

२५–इच्चत्थं गढिए लोए।

२६–जमिणं 'विरूवरूवेहिं सत्थेहिं'[2] पुढवि-कम्म-समारंभेणं पुढवि-सत्थं समारंभमाणे[3] अण्णे व'णेगरूवे पाणे विहिंसइ।

२७–से बेमि–

अप्पेगे अंधमब्भे[4], अप्पेगे अंधमच्छे[5]।

२८–अप्पेगे पायमब्भे, अप्पेगे पायमच्छे,
अप्पेगे 'गुप्फमब्भे अप्पेगे गुप्फमच्छे,
अप्पेगे जंघमब्भे, अप्पेगे जंघमच्छे,
अप्पेगे जाणुमब्भे'[6] अप्पेगे जाणुमच्छे,
अप्पेगे ऊरुमब्भे, अप्पेगे ऊरुमच्छे,
अप्पेगे कडिमब्भे, अप्पेगे कडिमच्छे,
अप्पेगे णाभिमब्भे, अप्पेगे णाभिमच्छे,
अप्पेगे उयरमब्भे, अप्पेगे उयरमच्छे,
अप्पेगे पासमब्भे, अप्पेगे पासमच्छे,
अप्पेगे पिट्ठमब्भे[7], अप्पेगे पिट्ठमच्छे,
अप्पेगे उरमब्भे, अप्पेगे उरमच्छे,

---

१—निरए ( क, ख, घ, च )।
२—° रूवेसु सत्थेसु ( क, च, छ )।
३—समारंभेमाणे ( घ )।
४—अत्त° ( च )।
५—° मच्चे ( घ )।
६—पुप्फमब्भे अप्पेगे एवं जंघापुप्फगमब्भे अप्पेगे जाणुमब्भे ( च )।
७—पुट्ठि° ( क ); पिट्ठि° ( ख, ग, च ); पट्ठि° ( घ )।

अप्पेगे हिययमब्भे, अप्पेगे हिययमच्छे,
अप्पेगे थणमब्भे, अप्पेगे थणमच्छे,
अप्पेगे खंधमब्भे, अप्पेगे खंधमच्छे,
अप्पेगे बाहुमब्भे, अप्पेगे बाहुमच्छे,
अप्पेगे हत्थमब्भे, अप्पेगे हत्थमच्छे,
अप्पेगे अंगुलिमब्भे, अप्पेगे अंगुलिमच्छे,
अप्पेगे णहमब्भे, अप्पेगे णहमच्छे,
अप्पेगे गीवमब्भे, अप्पेगे गीवमच्छे,
अप्पेगे हणुयमब्भे[1], अप्पेगे हणुयमच्छे,
अप्पेगे होट्ठमब्भे[2], अप्पेगे होट्ठमच्छे,
अप्पेगे दंतमब्भे, अप्पेगे दंतमच्छे,
अप्पेगे जिब्भमब्भे, अप्पेगे जिब्भमच्छे,
अप्पेगे तालुमब्भे, अप्पेगे तालुमच्छे,
अप्पेगे गलमब्भे, अप्पेगे गलमच्छे,
अप्पेगे गंडमब्भे, अप्पेगे गंडमच्छे,
अप्पेगे कण्णमब्भे, अप्पेगे कण्णमच्छे,
अप्पेगे णासमब्भे[3], अप्पेगे णासमच्छे,
अप्पेगे अच्छिमब्भे, अप्पेगे अच्छिमच्छे,
अप्पेगे भमुहमब्भे, अप्पेगे भमुहमच्छे,
अप्पेगे णिडालमब्भे, अप्पेगे णिडालमच्छे,
अप्पेगे सीसमब्भे[4], अप्पेगे सीसमच्छे ।

२९—अप्पेगे संपमारए, अप्पेगे उद्दवए ।

---

१—हणु° (क, घ, च, छ)।
२—उट्ठ° (घ)।
३—नक्क° (घ, च)।
४—सिर° (च)।

३०–एत्थ सत्थं समारंभमाणस्स इच्चेते आरंभा अपरिण्णाता भवंति ।

३१–एत्थ सत्थ असमारंभमाणस्स इच्चेते आरंभा परिण्णाता भवंति ।

३२–तं परिण्णाय मेहावी—

नेव सयं पुढवि-सत्थ समारंभेज्जा, णेवण्णेहि पुढवि-सत्थं समारभावेज्जा, णेवण्णे पुढवि-सत्थं समारभते समणुजाणेज्जा ।

३३–जस्से ते पुढवि-कम्म-समारभा[1] परिण्णाता भवति,से हु मुणी परिण्णात-कम्मे ।

—त्ति वेमि ।

## तइओ उद्देसो

३४–से वेमि—

से[2] जहावि अणगारे उज्जुकडे, णियागपडिवण्णे[3], अमायं कुव्वमाणे वियाहिए ।

३५–जाए सद्धाए णिक्खन्तो ।

तमेवअणुपालिया[4] ।

'विजहित्तु विसोत्तियं'[5] ।

३६–पणया वीरा महावीहिं ।

---

१— °काय° ( च ) ।
२—× ( क, छ ) ।
३—निकाय° ( चू, वृपा ) ।
४—तामेव° ( घ, च ), °अणुपालेज्जा ( वृ ) ।
५—तिन्नोहूऽसि विसोत्तिय ( चू ) ; विजहित्ता पुव्व सजोग ( वृपा ) ;
विजहित्ता ° ( ख, ग, घ, च ) ।

३७—लोगं च आणाए अभिसमेच्चा[1] अकुतोभयं ।

३८—से बेमि—

णेव सयं लोगं अब्भाइक्खेज्जा, णेव अत्ताणं अब्भाइक्खेज्जा ।

जे लोयं अब्भाइक्खइ, से अत्ताणं अब्भाइक्खइ ।

जे अत्ताणं अब्भाइक्खइ, से लोयं अब्भाइक्खइ ।

३९—लज्जमाणा[2] पुढो पास ।

४०—अणगारा मो'त्ति एगे पवयमाणा ।

४१—जमिणं विरूवरूवेहिं सत्थेहिं उदय-कम्म-समारंभेणं उदय-सत्थं-समारंभमाणे अण्णे व'णेगरूवे[3] पाणे विहिंसति ।

४२—तत्थ खलु भगवया परिण्णा पवेदिता ।

४३—इमस्स चेव जीवियस्स—

परिवंदण-माणण-पूयणाए,

जाई-मरण-मोयणाए,

दुक्ख-पडिघायहेउं ।

४४—से सयमेव उदय-सत्थं समारंभति, अण्णेहिं वा उदय-सत्थं समारंभावेति, अन्ने वा[4] उदय-सत्थं समारंभंते समणुजाणति ।

४५—तं से अहियाए, तं से अबोहीए ।

४६—से तं संबुज्झमाणे, आयाणीयं समुट्ठाए ।

---

१— °समिच्चा ( ख, घ ) ।

२—एस आढत्त पुढविक्काइय उद्देसयगमेण त्रुवगडिया सुत्तत्थतो भाणियव्वा, अप्पेगे अधमब्भे ( च ) ।

३—अणेग° ( ग, घ ) ।

४—× ( ख, ग ) ।

४७–सोच्चा खलु[1] भगवओ अणगाराणं वा[2] अंतिए इहमेगेसिं
णायं भवति—
एस खलु गंथे,
एस खलु मोहे,
एस खलु मारे,
एस खलु णरए।

४८–इच्चत्थं गढिए लोए।

४९–जमिणं 'विरूवरूवेहिं सत्थेहिं'[3] उदय-कम्म-समारंभेणं उदय-सत्थं समारंभमाणे अण्णे व'णेगरूवे[4] पाणे विहिंसति।

५०—से बेमि—
अप्पेगे अंधमब्भे, अप्पेगे अंधमच्छे।

५१—अप्पेगे पायमब्भे, अप्पेगे पायमच्छे। ( १।२८ )

५२—अप्पेगे संपमारए, अप्पेगे उद्दवए।

५३—से बेमि—
संति पाणा उदय-निस्सिया जीवा अणेगा।

५४–इहं[5] च खलु भो! अणगाराणं उदय-जीवा वियाहिया।

५५—सत्थं चेत्थ[6] अणुवीइ पास[7]।

५६–'पुढो सत्थं'[8] पवेइयं।

५७–अदुवा अदिन्नादाणं।

---

१—× ( घ, च )।
२—× ( क, ख, ग )।
३— ° रूवेसु सत्थेसु ( च )।
४—अणेग ° ( घ, च )।
५—इह ( छ )।
६—चेत्थ ( क, ख, छ )।
७—पास ( घ, च )।
८—पुढोऽपास ( वपा )।

५८—कप्पइ णे,[१]
कप्पइ णे पाउं,
अदुवा विभूसाए।

५९—पुढो सत्थेहिं विउट्टंति।

६०—एत्थऽवि तेसिं णो णिकरणाए।

६१—एत्थ सत्थं समारंभमाणस्स इच्चेते आरंभा अपरिण्णाया भवंति।

६२—एत्थ सत्थं असमारभमाणस्स इच्चेते आरभा परिण्णाया भवंति।

६३—तं परिण्णाय मेहावी—
णेव सय उदय-सत्थं समारंभेज्जा, णेवन्नेहिं उदय-सत्थं समारंभावेज्जा, उदय-सत्थं समारंभंतेऽवि अण्णे ण समणुजाणेज्जा।

६४—जस्से ते उदय-सत्थ-समारंभा परिण्णाया भवंति, से हु मुणी परिण्णात-कम्मे।

—त्ति बेमि।

## चउत्थो उद्देसो

६५—से[२] बेमि—
णेव सयं लोगं अब्भाइक्खेज्जा, णेव अत्ताण अब्भाइक्खेज्जा।
जे लोगं अब्भाइक्खइ, से अत्ताणं अब्भाइक्खइ,
जे अत्ताण अब्भाइक्खइ, से लोग अब्भाइक्खइ।

६६—जे दीहलोग-सत्थस्स खेयन्ने, से असत्थस्स खेयन्ने।
जे असत्थस्स खेयन्ने, से दीहलोग-सत्थस्स खेयन्ने।

६७—वीरेहिं एयं अभिभूय दिट्ठं।
संजतेहि, सया जतेहिं, सया अप्पमत्तेहिं।

---

१—णो (घ)।
२—सेय मिण (च)।

६८—जे पमत्ते गुणट्ठिए,[1] से हु दंडे पवुच्चति ।

६९—तं परिण्णाय मेहावी—

इयाणि णो जमहं पुव्वमकासी पमाएणं ।

७०—लज्जमाणा पुढो पास[2] ।

७१—अणगारा मो'त्ति एगे पवयमाणा ।

७२—जमिणं विरूवरूवेहि सत्थेहिं अगणि-कम्म-समारंभेणं अगणि-सत्थं समारंभमाणे, अण्णे व'णेगरूवे पाणे विहिंसति ।

७३—तत्थ खलु[3] भगवया परिण्णा पवेइत्ता ।

७४—इमस्स चेव जीवियस्स—

परिवंदण-माणण-पूयणाए,

जाई-मरण-मोयणाए,

दुक्ख-पडिघायहेउं ।

७५—से सयमेव अगणि-सत्थ समारभइ, अण्णेहिं वा अगणि-सत्थं समारंभावेइ, अण्णे वा अगणि-सत्थं समारंभमाणे समणुजाणइ ।

७६—तं से अहियाए, तं से अबोहीए ।

७७—से तं संबुज्झमाणे, आयाणीयं समुट्ठाए ।

७८—सोच्चा खलु भगवओ अणगाराणं वा अंतिए इहमेगेहि णायं भवति—

एस खलु गथे,

एस खलु मोहे,

एस खलु मारे,

एस खलु णरए ।

१—गुणट्ठी ( क, वृ ), गुणट्ठीए ( ख, ग ) ।
२—धुवगडिय भणिऊण जाव से वेमि ( चू ) ।
३—× ( च ) ।

७९—इच्चत्थं गढिए लोए।

८०—जमिणं विरूवरूवेहिं सत्थेहिं अगणि-कम्म-समारंभेणं अगणि-सत्थं समारंभमाणे अण्णे व'णेगरूवे पाणे विहिंसति।

८१—से बेमि—

अप्पेगे अंधमब्भे, अप्पेगे अंधमच्छे।

८२—अप्पेगे पायमब्भे, अप्पेगे पायमच्छे। (१।२८)

८३—अप्पेगे संपमारए, अप्पेगे उद्दवए।

८४—से बेमि—

संति पाणा पुढवि-णिस्सिया, तण-णिस्सिया, पत्त-णिस्सिया, कट्ठ-णिस्सिया, गोमय-णिस्सिया, कयवर-णिस्सिया :

संति संपातिमा पाणा, आहच्च संपयंति य[1]।
अगणिं च खलु पुट्ठा, एगे संघायमावज्जंति॥

८५—जे तत्थ संघायमावज्जंति, ते तत्थ परियावज्जंति[2]।
जे तत्थ परियावज्जंति, ते तत्थ उद्दायंति।

८६—एत्थ सत्थं समारंभमाणस्स इच्चेते आरंभा अपरिण्णाया भवंति।

८७—एत्थ सत्थं असमारंभमाणस्स इच्चेते आरंभा परिण्णाया भवंति।

८८—तं परिण्णाय मेहावी—

नेव सयं अगणि-सत्थं समारंभेज्जा, नेवन्ने हिं अगणि-सत्थं समारंभावेज्जा अगणि-सत्थं समारंभमाणे अन्ने न समणुजाणेज्जा।

---

१—× (क, ख, ग, च)।
२—° विज्जति (क, ख, छ)।

८९–जस्से ते अगणि-कम्म-समारंभा परिण्णाया भवंति, से हु मुणी परिण्णाय-कम्मे ।

—त्ति बेमि ।

## पंचमो उद्देसो

९०–'तं णो'[1] करिस्सामि समुट्ठाए ।

९१–मंता[2] मइमं अभयं विदित्ता ।

९२–त जे णो करए, एसोवरए, एत्थोवरए, एस—
अणगारे'त्ति पवुच्चइ ।

९३–जे गुणे से आवट्टे, जे आवट्टे से गुणे ।

९४–उड्ढं अहं[3] तिरियं पाईणं' पासमाणे रूवाइं पासति'[4],
'सुणमाणे सद्दाइं सुणेति'[5] ।

९५–उड्ढं अहं तिरियं पाईणं मुच्छमाणे रूवेसु मुच्छति,
सद्देसु आवि ।

९६–एस लोए वियाहिए ।

९७–एत्थ अगुत्ते अणाणाए ।

९८–पुणो-पुणो गुणासाए,
वंकसमायारे,
पमत्ते गारमावसे ।

---

१—ते णो ( च )।
२—मत्ता ( क, घ, च )।
३—अव ( वृ ) ; अहे य ( ख )।
४—पासियाइं दरिसेति ( चू ) ; पस्समाणो रूवाइं पासइ ( चूपा )।
५—सुणिमाणि सुणेति ( चू ), सुणमाणो सद्दाइं सुणेति। एवं गंधरसफासेहि वि भाणियव्व ( चूपा )।

९९—लज्जमाणा पुढो पास[1] ।

१००—अणगारा मो'त्ति एगे पवयमाणा ।

१०१—जमिणं विरूवरूवेहिं सत्थेहिं वणस्सइ-कम्म-समारंभेणं वणस्सइ-सत्थं समारंभमाणे अण्णे व'णेगरूवे[2] पाणे विहिंसति ।

१०२—तत्थ खलु भगवया परिण्णा पवेदिता ।

१०३—इमस्स चेव जीवियस्स—
परिवंदण-माणण-पूयणाए,
जाती-मरण-मोयणाए,
दुक्ख-पडिघायहेउं ।

१०४—से सयमेव वणस्सइ-सत्थं समारंभइ, अण्णेहि वा वणस्सइ-सत्थं समारंभावेइ, अण्णे वा वणस्सइ-सत्थं समारंभमाणे समणुजाणइ ।

१०५—तं से अहियाए, तं से अबोहीए ।

१०६—से तं संबुज्झमाणे,
आयाणीयं समुट्ठाए ।

१०७—सोच्चा भगवओ, अणगाराण वा अंतिए इहमेगेसिं णायं भवति—
एस खलु गंथे,
एस खलु मोहे,
एस खलु मारे,
एस खलु णिरए ।

---

१—पुढ गडिया ( चू ) ।
२—अणेग° ( ख, ग, च ) ।

१०८–इच्चत्थं गढिए लोए।

१०९–जमिणं विरूवरूवेहिं सत्थेहिं वणस्सइ-कम्म-समारंभेणं वणस्सइ-सत्थं समारंभेमाणे अण्णे व'णेगरूवे पाणे विहिंसति[1]।

११०–से बेमि—

अप्पेगे अधमब्भे, अप्पेगे अधमच्छे।

१११–अप्पेगे पायमब्भे, अप्पेगे पायमच्छे। ( १।२८ )

११२–अप्पेगे संपमारए, अप्पेगे उद्दवए।

११३–से बेमि—

इमपि जाइ-धम्मय, एयंपि जाइ-धम्मय।
इमपि वुड्ढि-धम्मय, एयंपि वुड्ढि-धम्मयं।
इमंपि चित्तमतयं, एयंपि चित्तमतयं।
इमपि छिन्न मिलाति, एयंपि छिन्न मिलाति।
इमपि आहारग, एयपि आहारगं।
इमंपि अणिच्चयं, एयंपि अणिच्चयं।
इमंपि असासय, एयंपि असासयं।
इमपि चयावचइयं, एयंपि चयावचइयं,[2]।
इमंपि विपरिणामधम्मयं, एयंपि विपरिणामधम्मयं।

११४–एत्थ सत्थं समारंभमाणस्स इच्चेते आरंभा अपरिण्णाता भवंति।

११५–एत्थ सत्थं असमारंभमाणस्स इच्चेते आरंभा परिण्णाया भवंति।

---

१–विहमति ( ख, ग )। अशुद्ध्य प्रतिमाति।
२–चओवचइय ( चू, क, घ, च. छ ), चयावचय ( ख, ग )।

११६—तं परिण्णाय मेहावी—

णेव सयं वणस्सइ-सत्थं समारंभेज्जा, णेवण्णेहिं वणस्सइ-सत्थं समारंभावेज्जा, णेवण्णे वणस्सइ-सत्थं समारंभंते समणुजाणेज्जा।

११७—जस्सेते वणस्सइ-सत्थ-समारंभा परिण्णाया भवंति, से हु मुणी परिण्णाय-कम्मे।

—त्ति बेमि।

## छट्ठो उद्देसो

११८—से बेमि—संतिमे तसा पाणा, तंजहा—अंडया, पोयया, जराउया, रसया, संसेयया, संमुच्छिमा, उब्भिया, उववाइया।

११९—एस—संसारेत्ति[1] पवुच्चति।

१२०—मंदस्स अवियाणओ।

१२१—णिज्झाइत्ता पडिलेहित्ता पत्तेयं परिणिव्वाणं।

१२२—सव्वेसिं पाणाणं, सव्वेसिं भूयाणं, सव्वेसिं जीवाणं, सव्वेसिं सत्ताणं, अस्सायं[2] अपरिणिव्वाणं महब्भयं दुक्खं—ति बेमि।

१२३—तसंति पाणा पदिसोदिसासु य।

१२४—तत्थ तत्थ पुढो पास, आउरा परितावेंति[3]।

१—ससारित्ती (क, ख)।

२—असायं (क्वचित्)।

३—अट्टा 'ते जाव परितावेति' वुवगडिया (चू)।

१२५–संति पाणा पुढोसिया ।

१२६–लज्जमाणा पुढो पास ।

१२७–अणगारा मोत्ति एगे पवयमाणा ।

१२८–जमिणं विरूवरूवेहि सत्थेहिं तसकाय-समारंभेणं तसकाय-सत्थं समारंभमाणे अण्णे व'णेगरूवे पाणे विहिंसति ।

१२९–तत्थ खलु भगवया परिण्णा पवेइया ।

१३०–इमस्स चेव जीवियस्स–
परिवंदण-माणण-पूयणाए,
जाई-मरण-मोयणाए,
दुक्खपडिघायहेउं ।

१३१–से सयमेव तसकाय-सत्थं समारंभति, अण्णेहिं वा तसकाय-सत्थं समारभावेइ, अण्णे वा[1] तसकाय-सत्थं समारंभमाणे समणुजाणइ ।

१३२–तं से अहियाए, तं से अबोहीए ।

१३३–से तं संबुज्झमाणे, आयाणीयं समुट्ठाए ।

१३४–सोच्चा भगवओ, अणगाराणं 'वा अंतिए'[2] इहमेगेसिं णायं भवइ—
एस खलु गथे,
एस खलु मोहे,
एस खलु मारे,
एस खलु णरए ।

१३५–इच्चत्थं गढिए लोए ।

---

१—वि ( घ ) ।
२—× ( क ) । सर्वत्र नास्ति ।

१३६—जमिणं विरूवरूवेहिं सत्थेहिं तसकाय-समारंभेणं तसकाय-सत्थं समारंभमाणे अण्णे व'णेगरूवे पाणे विहिंसति।

१३७—से बेमि—

अप्पेगे अधमब्भे, अप्पेगे अंधमच्छे।

१३८—अप्पेगे पायमब्भे, अप्पेगे पायमच्छे। (१।२८)

१३९—अप्पेगे संपमारए, अप्पेगे उद्दवए।

१४०—से बेमि—

अप्पेगे अच्चाए वहंति, अप्पेगे अजिणाए वहंति,[1]
अप्पेगे मंसाए वहंति, अप्पेगे सोणियाए वहंति,
° अप्पेगे हिययाए[2] वहंति, अप्पेगे पित्ताए वहंति,
अप्पेगे वसाए वहंति, अप्पेगे पिच्छाए वहंति,
अप्पेगे पुच्छाए वहंति, अप्पेगे बालाए वहंति,
अप्पेगे सिंगाए वहंति, अप्पेगे विसाणाए वहंति,
अप्पेगे दंताए वहंति, अप्पेगे दाढाए वहंति,
अप्पेगे नहाए वहंति, अप्पेगे ण्हारुणीए वहंति,
अप्पेगे अट्ठीए वहंति, अप्पेगे अट्ठिमिजाए वहंति,
अप्पेगे अट्ठाए वहंति, अप्पेगे अणट्ठाए ° वहंति,
अप्पेगे 'हिंसिसु मेत्ति वा'[3] वहंति,
अप्पेगे हिंसंति मेत्ति वा वहंति,
अप्पेगे हिंसिस्संति मेत्ति वा वहंति।

१४१—एत्थ सत्थं समारभमाणस्स इच्चेते आरंभा अपरिण्णाया भवंति।

---

१—हणति (च), वधति (क), हिंसति (घ)।
२—हितयाए (क, च)।
३—हिंसिसु इति वा (ख, ग)।

१४२–एत्थ सत्थं असमारंभमाणस्स इच्चेते आरंभा परिण्णाया भवंति ।

१४३–तं परिण्णाय मेहावी—
णेवसयं तसकाय-सत्थं समारंभेज्जा; णेवण्णेहि तसकाय-सत्थं समारंभावेज्जा, णेवण्णे तसकाय-सत्थं समारंभंते समणुजाणेज्जा ।

१४४–जस्से ते तसकाय-सत्थ-समारंभा परिण्णाया भवंति, से हु मुणी परिण्णाय-कम्मे ।

—त्ति बेमि ।

## सत्तमो उद्देसो

१४५–'पहू एजस्स'[१] दुगंछणाए ।

१४६–आयंक-दंसी 'अहियं'ति नच्चा ।

१४७–जे अज्झत्थं जाणइ, से बहिया जाणइ ।
जे बहिया जाणइ, से अज्झत्थं जाणइ ।

१४८–एयं तुलमन्नेसिं ।

१४९–इह[२] संति-गया दविया, णावकंखन्ति जीविउं[३] ।

१५०–लज्जमाणा[४] पुढो पास ।

१५१–अणगारा मोत्ति एगे पवयमाणा ।

१५२–जमिणं विरूवरूवेहिं सत्थेहि वाउकम्म-समारंभेणं वाउ-सत्थं समारंभमाणे अण्णे व'णेगरूवे पाणे विहिंसति ।

१—पहू य एगस्स ( वृ ), पभू एयस्स ( क ) ।
२—इति ( चूपा ) ।
३—जीविय ( क, छ ) ।
४—अट्टा परिज्जुण्णा आकंपिता जाव आतुरा परितावित्ता वुव गडिया ( चू ) ।

१५३–तत्थ खलु भगवया परिण्णा पवेइया ।

१५४–इमस्स चेव जीवियस्स—

परिवंदण-माणण-पूयणाए,

जाई-मरण-मोयणाए,

दुक्ख-पडिघायहेउं ।

१५५–से सयमेव वाउ-सत्थं समारंभति, अन्नेहिं वा वाउ-सत्थं समारंभावेति, अन्ने वा वाउ-सत्थं समारंभंते समणुजाणइ ।

१५६–तं से अहियाए, तं से अबोहीए ।

१५७–से तं संबुज्झमाणे, आयाणीयं समुट्ठाए ।

१५८–सोच्चा भगवओ, अणगाराणं वा अंतिए इहमेगेसि णायं भवइ—

एस खलु गंथे,

एस खलु मोहे,

एस खलु मारे,

एस खलु णिरए ।

१५९–इच्चत्थं गढिए लोए ।

१६०–जमिणं विरूवरूवेहिं सत्थेहि वाउकम्म-समारंभेणं वाउ-सत्थं समारंभमाणे अण्णे व'णेगरूवे पाणे विहिंसति ।

१६१–से बेमि–

अप्पेगे अंधमब्भे, अप्पेगे अंधमच्छे ।

१६२–अप्पेगे पायमब्भे, अप्पेगे पायमच्छे । (१।२८)

१६३–अप्पेगे संपमारए, अप्पेगे उद्दवए ।

१६४–से बेमि—

संति संपाइमा पाणा, आहच्च संपयंति य ।

फरिसं च खलु पुट्ठा, एगे संघायमावज्जंति ।

१६५–जे तत्थ संघायमावज्जंति, ते तत्थ परियावज्जंति, जे तत्थ परियावज्जंति, ते तत्थ उद्दायंति ।

१६६–एत्थ सत्थं समारंभमाणस्स इच्चेते आरंभा अपरिण्णाया भवंति ।

१६७–एत्थ सत्थं असमारंभमाणस्स इच्चेते आरंभा परिण्णाया भवंति ।

१६८–तं परिण्णाय मेहावी—

णेव सयं वाउ-सत्थं समारंभेज्जा, णेवण्णेहिं वाउ-सत्थं समारंभावेज्जा, णेवन्ने वाउ-सत्थं समारंभंते समणुजाणेज्जा ।

१६९–जस्से ते वाउ-सत्थ-समारंभा परिण्णाया भवंति, से हु मुणी परिण्णाय-कम्मे ।

—त्ति बेमि ।

१७०–एत्थं पि जाणे उवादीयमाणा ।

१७१–जे आयारे न रमंति ।

१७२–आरंभमाणा विणयं वयंति ।

१७३–छंदोवणीया अज्झोववण्णा ।

१७४–'आरंभसत्ता पकरेंति संगं'[1] ।

१७५–से वसुमं सव्व-समन्नागय-पन्नाणेणं अप्पाणेणं अकरणिज्जं पावं कम्मं ।

१७६–तं[2] णो अन्नेसि ।

---

१—'आरंभसत्ता पकरेंति संगं', अस्य पाठस्यानन्तरं चूर्ण्यां निम्न- पाठ उपलभ्यते— 'एत्थ वि जाण अणुवाइयमाणा, जे आयरे रमति, अणारंभमाणा विणयं वदति, पसत्थ छदोवणीता, तत्थेव अज्झोववण्णा आरंभे असत्ता णो पगरेंति संगं' ।

२—× ( ख, ग, छ ) ।

१७७–तं परिण्णाय मेहावी—
णेव सयं छज्जीव-णिकाय-सत्थं समारंभेज्जा, णेवन्नेहिं छज्जीव-णिकाय-सत्थं समारंभावेज्जा, णेवन्ने छज्जीव-णिकाय-सत्थं समारंभंते समणुजाणेज्जा ।

१७८–जस्से ते छज्जीव-णिकाय-सत्थ-समारंभा परिण्णाया भवंति, से हु मुणी परिण्णाय-कम्मे ।

--त्ति बेमि ।

*

बीअं अज्झयणं

# लोगविजओ

## पढमो उद्देसो

१—जे गुणे से मूलट्ठाणे, जे मूलट्ठाणे से गुणे।

२—इति से गुणट्ठी महता परियावेणं 'पुणो पुणो'[1] वसे पमत्ते[2]—
माया मे, पिया मे, भाया मे, भइणी मे, भज्जा मे, पुत्ता मे,
धूया मे, 'सुण्हा मे'[3], सहि-सयण-संगथ-संथुया मे,
[4]विवि(चि?)त्तोवगरण-परियट्टण-भोयण-अच्छायणं[5] मे,
इच्चत्थं[6] गढिए लोए—वसे पमत्ते।

३—अहो य[7] राओ य परितप्पमाणे, कालाकाल-समुट्ठाई,
संजोगट्ठी अट्ठालोभी, आलुंपे सहसक्कारे[8],
विणिविट्ठचित्ते[9],
एत्थ सत्थे[10] पुणो पुणो।

---

१—× (क, ख, ग, घ, च)।
२—पमत्ते, तं जहा (क,ख,ग,घ,च)।
३—सुण्हा मे, सहाया मे (घ)।
४—विचित्तो° (ख,च)।
५—च्छायण (क), अच्छादयण (चू)।
६—इच्चत्थ से (क), इच्चत्थ इत्थ से (ग), इच्चत्थ एत्थ से (च)।
७—× (क,ख,ग,घ)।
८—सहसाकारे (क,ख,ग,छ), सहस्सकारे (च)।
९—°चिट्ठे (चू, वृ, च)।
१०—सत्ते (चू, वृपा)।

४—अप्पं च खलु आउं इहमेगेसिं[1] माणवाणं, तंजहा—
सोय-परिण्णाणेहिं[2] परिहायमाणेहिं,
चक्खु-परिण्णाणेहिं परिहायमाणेहिं,
घाण-परिण्णाणेहिं परिहायमाणेहिं,
रस-परिण्णाणेहिं परिहायमाणेहिं,
फास-परिण्णाणेहिं परिहायमाणेहिं।

५—अभिक्कंतं[3] च खलु वयं स पेहाए[4]।

६—तओ से एगया मूढ-भावं जणयंति[5]।

७—जेहिं वा सद्धिं संवसति[6] 'ते वा ण'[7] एगया णियगा तं पुव्विं परिवयंति, सो वा ते णियगे पच्छा परिवएज्जा।

८—नालं ते तव ताणाए वा, सरणाए वा।
तुमं पि तेसिं नालं ताणाए वा, सरणाए वा।

९—से ण हस्साए[8], ण किड्डाए, ण रतीए, ण विभूसाए।

१०—इच्चेवं समुट्ठिए 'अहोविहाराए'।

११—अंतरं च खलु इमं सपेहाए[9]—"धीरे मुहुत्तमवि णो पमायए"।

